धनबाद, मंगलवार
23 जून 2026
वर्ष : 03 अंक : 263
पृष्ठ : 08
मूल्य: 3 /-
E-Mail:-truthpath941@gmail.com

हिन्दी दैनिक समाचार
# ट्रूथ पथ




## ब्रीफ न्यूज

### लखनऊ अग्निकांड के बाद मुख्यमंत्री ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द किए

लखनऊ, (एजेंसी) : उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में एक कोचिंग संस्थान में आग लगने की घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आगे के सभी कार्यक्रम रद्द कर अलीगढ़ से लखनऊ के लिए रवाना हुए। इससे पहले उन्होंने उप्र के पुलिस महानिदेशक और अपर मुख्य सचिव गृह समेत अन्य अधिकारियों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा, ₹मेरी हार्दिक इच्छा थी कि आज मैं अलीगढ़ में रहूं, लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि अभी-अभी मुझे जानकारी मिली है कि लखनऊ में एक आग लगने की दुखद घटना हुई है। उसकी चपेट में कुछ बच्चे आये हैं। उनकी दुखद मौत हुई है। इसलिए मुझे तत्काल वापस जाना पड़ रहा है, जिन्होंने जान खोई उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।मुख्यमंत्री ने बताया कि इस पूरे मामले के लिए पुलिस महानिदेशक एवं अपर मुख्य सचिव (गृह) को भी कहा है कि मौके पर जाकर इस्की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मैं स्वयं भी वहां के लिए प्रस्थान कर रहा हूँ जिससे इस पूरे मामले की तह में जाकर दोषियों को सजा भी दे सकें और उन पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त कर सकें।

### आधार ऐप 5 महीने में 31 मिलियन से अधिक डाउनलोड

नई दिल्ली, (एजेंसी) :केन्द्र सरकार की ओर से शुरू किए गए नए आधार ऐप को देश भर में जनता की भारी स्वीकृति मिल रही है। शुरू होने के 5 महीने से भी कम समय में इस ऐप के डाउनलोड का आंकड़ा 31 मिलियन (3.1 करोड़) के पार पहुंच गया है। यह तेजी से बढ़ती संख्या लोगों के बीच ऐप की उपयोगिता और इस पर बढ़ते भरोसे को स्पष्ट रूप से दशार्ती है।इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार 'ईज ऑफ लिविंग' यानी जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया यह नया ऐप लोगों को उनके स्मार्टफोन के जरिए ही कई जरूरी डिजिटल सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। ऐप के जरिए अब तक लगभग 40 लाख लोगों ने नए आधार ऐप का उपयोग करके अपने मोबाइल नंबर अपडेट किए हैं। वहीं, लगभग 8.5 लाख (8,50,000) लोगों ने ऐप का उपयोग करके अपना पता अपडेट किया है।

### दिल्ली में सीआईएसएफ मुख्यालय की नई इमारत का शिलान्यास

नई दिल्ली, (एजेंसी) : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने सोमवार को यहां के लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के नए बल मुख्यालय भवन की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने सीआईएसएफ की परिचालन और प्रशिक्षण क्षमताओं को मजबूत करने वाली 136.03 करोड़ रुपये की विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।कार्यक्रम में गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका, सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा लगभग 75.78 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाला नया नौ मंजिला सीआईएसएफ मुख्यालय भवन बल की प्रशासनिक, परिचालन और रणनीतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र होगा। भवन में महानिदेशक और विभिन्न शाखाओं के कार्यालय, नियंत्रण कक्ष, सम्मेलन सुविधाएं, सभागार, पुस्तकालय, जिम्नेजियम तथा आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।इस दौरान बंदी संजय कुमार ने तीन पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।

# आकाशीय बिजली गिरने से किशोर सहित चार की मौत, 12 घायल

खूंटी, (एजेंसी) : जिले में रविवार को आकाशीय बिजली ने चार परिवारों की खुशियां छीन लीं। अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में एक किशोर सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हो गए। सभी घटनाएं रविवार की दोपहर में हुईं।



मारंगहादा थाना क्षेत्र के डेव मैदान में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सरजोमा चोंगाटोला निवासी सुनू टुटी (16) और सुखराम मुंडा (42) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार सुनू टुटी, सुखराम मुंडा और डेव गांव निवासी जुसफ पूर्ति जंगल में जड़ी-बूटी की तलाश में गए थे। लौटने के दौरान घर से लगभग 300 मीटर पहले डेव मैदान में अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। घटना के समय बारिश भी नहीं हो रही थी। आकाशीय बिजलीकी चपेट में आने से सुनू और सुखराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जुसफ पूर्ति घायल हो गया।

ग्रामीणों की मदद से तीनों को शाम में सदर अस्पताल, खूंटी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने सुनू और सुखराम को मृत घोषित कर दिया। घायल जुसफ पूर्ति का इलाज किया गया और उसकी हालत में सुधार होने पर सोमवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

कर्रा प्रखंड के कच्चाबारी पंचायत अंतर्गत पतराटोली गांव में रविवार की दोपहर में आकाशीय गिरने की एक अन्य घटना में युवक प्रेम बाखला (22) की मौत हो गई। उस समय गांव के मैदान में बच्चे और युवक क्रिकेट खेल रहे थे।आकाशीय बिजली गिरने से प्रेम बाखला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए। घायलों में अंकित बारला नामक दो युवक और अंशिल मिंज गंभीर रूप से घायल हुए। तीनों को बेहतर इलाज के लिए रांची सदर अस्पताल भेजा गया।

# अमित शाह मंगलवार को करेंगे नेफेड के ऑक्शन पोर्टल का शुभारंभ

नई दिल्ली, (एजेंसी) : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार को यहां के अटल अक्षय ऊर्जा भवन में राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) के ऑक्शन पोर्टल (एनएएफईएक्स डाट इन) का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, नेफेड के अध्यक्ष जेठाभाई अहीर और प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।सहकारित मंत्रालय के अनुसार, शाह कार्यक्रम के दौरान किसानों और सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई कई डिजिटल एवं कल्याणकारी पहलों का भी शुभारंभ करेंगे। इनमें किसानों के बच्चों के लिए नेफेड-कल्याण छात्रवृत्ति, दलहन एवं तिलहन के भंडार प्रबंधन के लिए दृष्टि पोर्टल, एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग को मजबूत करने के लिए ईआरपी पोर्टल और ऑक्शन पोर्टल नेफेक्स डॉट इन शामिल हैं।



कार्यक्रम में नेफेक्स डॉट इन पोर्टल पर लाइव पंजीकरण का प्रदर्शन किया जाएगा और नीलामी प्रक्रिया की शुरूआत भी होगी। नेफेड के अनुसार यह पोर्टल कृषि उत्पादों की नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और संचालन की सुगमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके माध्यम से नीलामी से जुड़ी गतिविधियों का डिजिटलीकरण होगा और किसानों, सदस्य संस्थाओं तथा अन्य हितधारकों को एकीकृत मंच उपलब्ध होगा।

शाह इस अवसर पर किसानों के बच्चों को नेफेड झकल्याण छात्रवृत्ति के चेक भी वितरित करेंगे। नेफेड का कहना है कि यह पहल किसान कल्याण और शिक्षा को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

कार्यक्रम के बाद गृह एवं सहकारिता मंत्री नेफेड के निदेशक मंडल के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में संगठन की गतिविधियों, प्रगति, पिछले निदेशों पर हुई कार्रवाई तथा भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि नेफेड देश में कृषि विपणन, खरीद और सहकारिता आधारित कृषि व्यापार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संगठन का कहना है कि ये नई डिजिटल और कल्याणकारी पहलें प्रधानमंत्री मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन को आगे बढ़ाने और सहकारी संस्थाओं को तकनीक एवं पारदर्शिता के माध्यम से मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

# कामाख्या में अंबुबासी मेले का शुभारंभ पर्यटन मंत्री अजंता नेओग ने किया उद्घाटन

गुवाहाटी, (एजेंसी) : नीलांचल पहाड़ स्थित देश की प्रमुख शक्तिपीठ मां कामाख्या मंदिर परिसर में आयोजित अंबुबासी मेला का सोमवार को आध्यात्मिक वातावरण में शुभारंभ हुआ। पर्यटन मंत्री अजंता नेओग ने पांडु पोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में मेले का औपचारिक उद्घाटन किया।

मंत्री ने कहा कि 22 जून की रात 09 बजकर 08 मिनट 42 सेकंड पर प्रवृत्ति के साथ कामाख्या मंदिर के गर्भगृह का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा तथा 26 जून को निवृत्ति के बाद विशेष पूजा-अर्चना के उपरांत मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं, साधु-संतों, तीर्थयात्रियों और देश-विदेश से पहुंचे पर्यटकों का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं।



उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अजंता नेओग ने कहा कि अंबुबासी मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि असम की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत, सांस्कृतिक विविधता और आतिथ्य परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से कामाख्या मंदिर परसर में आयोजित हो रहे इस मेला के माध्यम से असम के पर्यटन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 से पर्यटन विभाग राज्य सरकार के सहयोग से अंबुबासी मेले के आयोजन आयोजन में अपना हाथ बंटा रहा है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु इस मेले में शामिल होते हैं। वर्ष 2024 और 2025 में लगभग 7.5 लाख श्रद्धालुओं ने मेले में भाग लिया था, जबकि इस वर्ष 08 लाख से अधिक लोगों के आने की संभावना है।मंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। यातायात, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, सुरक्षा तथा सूचना सहायता केंद्रों को सुदृढ़ किया गया है ताकि सभी श्रद्धालु शांतिपूर्ण और सुगम तरीके से मेले में भाग ले सकें।

उन्होंने मेले में सहयोग प्रदान करने वाले विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए आम जनता से भी अतिथियों की सेवा कर इस आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विधायक विजय गुप्ता, असम पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष ऋतुपर्ण बरुवा, उपाध्यक्ष दिलीप दास, पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कामाख्या मंदिर प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि, साधु-संत और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मप्र के छिंदवाड़ा में बेकाबू ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर, 6 मजदूरों की मौत और 20 घायल

**मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख, मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का ऐलान**

छिंदवाड़ा, (एजेंसी) : मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में नेशनल हाइवे पर सावरी पुलिस चौकी क्षेत्र में सोमवार को मजदूरों से भरे पिकअप वाहन को एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरादर टक्कर मार दी। इस हादसे में छह मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों में चार महिलाएं और दो पुरुष हैं।

इस हादसे में 20 से ज्यादा मजदूर घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त कर मृतकों के परिजनों और घायलों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता का ऐलान किया है।



पुलिस के अनुसार, हादसा छिंदवाड़ा-बैतूल नेशनल हाइवे पर ग्राम टेमनी खुर्द के पास सोमवार सुबह करीब पौने 10 बजे हुआ। पिकअप वाहन में ग्राम मछेरा के रहने वाले 25 मजदूर सवार थे और सभी सुबह सब्जी तोड़ने के लिए कन्हरगांव के लिए निकले थे। सावरी के पास ग्राम टेमनी खुर्द में पिकअप से कुछ मजदूरों को उतारा जा रहा है, इसी दौरान पीछे से यूरिया से लदे तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक का टायर फटा और वह अनियंत्रित होकर पिकअप को टक्कर मारने के बाद एक बाइक को कुचलते हुए सडक किनारे खंती में उतर गया।

हादसा इतना भीषण था कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार मजदूर दूर जा गिरे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

सावरी पुलिस चौकी प्रभारी मुकेश द्विवेदी ने बताया कि पिकअप वाहन में बड़ी संख्या में मजदूर सवार थे। हादसे में छह लोगों की मौत हुई है और 20 लोग घायल हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कई घायलों की हालत गंभीर है, जिन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। डॉक्टरों की टीम घायलों के उपचार में जुटी है।

उन्होंने बताया कि मृतकों में मृतकों में बब्बू (35) पुत्र भूरू राजबेटे निवासी मछेरा, सावित्री (31) पत्नी सुरेश बनके निवासी मछेरा, शिवकली (45) पत्नी तुमराम निवासी मछेरा, लीलावती (45) पत्नी गरीबा शीलू निवासी मछेरा, सकरवती (55 वर्ष) पत्नी रामचरण निवासी मछेरा एवं संतोष (45) पुत्र केशवराव सबनेरे निवासी हथलेवा के रूप में हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं और मामले की जांच जारी है।

हादसे की जानकारी मिलने पर एसडीएम धीरेंद्र सिंह अस्पताल पहुंचे और घटना के संबंध मे जानकारी ली। उन्होंने घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश चिकित्सकों को दिए। उन्होंने बताया कि पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है। शुरूआती तौर पर जांच में यह बात सामने आई है कि तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ।

हादसे की सूचना मिलने पर पांढुर्ना विधायक नीलेश ऊइके मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि 'छिंदवाड़ा-बैतूल हाईवे पर बड़ा भयंकर हादसा हुआ है। कई लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।मुख्यमंत्री ने की मृतकों और घायलों के परिजन को आर्थिक सहायता देने की घोषणा।

# कोयला क्षेत्र में अधिकारियों व अपराधियों की गठजोड़ के खिलाफ कोर्ट जाएगा आजसू : सुदेश महतो

**झारखंड में बालू, लोहा व कोयला सहित कई क्षेत्रों में भ्रष्टाचार लूट चरम पर: सीपी चौधरी**

**आजसू ने मनाया धनबाद में मनाया 39 वां स्थापना दिवस**

धनबाद : आजसू पार्टी ने सोमवार को अपना 39 वां स्थापना दिवस धनबाद में मनाया। इस मौके पर पार्टी की ओर से आक्रोश रैली निकाली गई जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों के साथ निकली रैली में कार्यकताओं ने झारखंड सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

आक्रोश मार्च शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम यानी गोल्फ ग्राउंड से शुरू होकर रणधीर वर्मा चौक, पुलिस लाइन होते हुए कोयला नगर स्थित नेहरू कॉम्प्लेक्स मैदान पहुंचा। यहां पहुंचकर रैली सभा में बदल गई। सभा के दौरान आजसू नेताओं ने लोयाबाद मामले में पुलिस कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए और इसे कार्यकताओं के खिलाफ दमनात्मक कार्रवाई बताया।






सभा को संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने राज्य सरकार पर जमकर हमलावर हुए।उन्होंने कहा कि झारखंड में बालू, लोहा और कोयला सहित कई क्षेत्रों में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रखंड कार्यालयों में आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार के तीन साल पूरे होने के बावजूद युवाओं को रोजगार नहीं मिला और बड़ी संख्या में लोग मजबूरी में पलायन कर रहे हैं।

सांसद ने कहा कि आजसू पार्टी स्थापना दिवस पर यह संकल्प ले रही है कि आम लोगों के हक और अधिकार के लिए सरकार और माफिया के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार और पलायन रोकने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे।वहीं पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि धनबाद और कोयलांचल क्षेत्र हमेशा संघर्ष की धरती रही है। यहां के मजदूरों और किसानों ने अपनी शहादत दी है और लोगों ने अपनी जमीन देकर राज्य के विकास में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को चिन्हित करने का काम किया गया था और अब एक बड़े आंदोलन की तैयारी करनी होगी।सुदेश महतो ने कहा कि अगर कोई प्रशासनिक अधिकारी लोगों को केस-मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है तो यह स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि धनबाद और कोयला क्षेत्र में अधिकारियों और अपराधियों के बीच जैसा गठजोड़ देखने को मिल रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ था।सुदेश महतो ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे गलत व्यवस्था का हिस्सा न बनें, क्योंकि इससे संघर्ष की क्षमता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि 42 डिग्री तापमान में पांच किलोमीटर की पदयात्रा यह दिखाती है कि जनता में आक्रोश है। धनबाद से ही नए झारखंड के संघर्ष की शुरूआत होगी।उन्होंने कहा कि जिन लोगों को रोजगार की जरूरत थी, उन्हें कुछ पैसों का लालच देकर पेड वर्कर बनाया जा रहा है। ऐसी व्यवस्था को खत्म करने के लिए आजसू संघर्ष करेगी। उन्होंने बीसीसीएल पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि खनन क्षेत्र में सरकार और प्रशासनिक सिंडिकेट की भूमिका की जांच होनी चाहिए। आजसू जिलाध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि अगर सरकार इस मामले में पहल नहीं करती है तो पार्टी न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा कि धनबाद और आसपास के कोयला क्षेत्रों में जाकर लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा और एक-एक मुद्दे को लेकर आंदोलन किया जाएगा।उन्होंने धनबाद में एयरपोर्ट निर्माण, आर्थिक क्षेत्र के विकास, प्रदूषण और खनन से जुड़े मुद्दों को भी उठाया। उन्होंने कहा कि धनबाद को उसका पूरा अधिकार मिलना चाहिए। प्रदूषण नियंत्रण के लिए मिलने वाली राशि के उपयोग पर भी उन्होंने सवाल उठाए।कार्यक्रम में मांडू विधायक तिवारी महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता, हरेलाल महतो सहित आजसू के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बच्चों के प्यार से भावुक हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, साझा किया पोस्ट

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फादर्स डे के अवसर पर भावुक होकर अपने बच्चों के प्यार और स्नेह को साझा किया।उन्होंने बताया कि उनके लिए दुनिया की सबसे बड़ी उपलब्धि अपने बच्चों का प्यार, विश्वास और स्नेह है।सीएम ने सोशल मीडिया पर अपने दोनों बच्चों द्वारा हाथों से बनाए गये खूबसूरत संदेश और आर्ट को पोस्ट किया।एक कार्ड में गूगल सर्च की स्टाइल में लिखा गया है कि दुनिया के सबसे अच्छे पिता हेमंत सोरेन हैं। इसमें बच्चों ने अपने पिता की व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिए समय निकालने की सराहना की है।दूसरा आर्ट मुख्यमंत्री और उनके बच्चे की खूबसूरत ड्राइंग है।इस पोस्ट में हेमंत सोरेन ने लिखा जब बच्चों की भावनाएं इस रूप में सामने आती हैं, तो मन गर्व, प्रेम और कृतज्ञता से भर उठता है। थैंक यू, चैंप्स. मुख्यमंत्री के इस भावुक पोस्ट ने सोशल मीडिया पर लोगों को काफी आकर्षित किया है।कई लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि पिता बनना सबसे बड़ा सौभाग्य है और बच्चों का ऐसा प्यार ईश्वर की सबसे बड़ी कृपा है।

### शिबू सोरेन को पद्मभूषण सम्मान मंगलवार को, राष्ट्रपति भवन में रुपी सोरेन और कल्पना ग्रहण करेंगी

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन को मिलने वाला पद्मभूषण सम्मान मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में दिया जायेगा। इस सम्मान को उनकी पत्नी रूपी सोरेन और बहु कल्पना सोरेन ग्रहण करेंगी।यह जानकारी झामुमो को केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने दी। दोनों ही सोमवार को दिल्ली रवाना हो गये हैं। गौरतलब है कि शिबू सोरेन को यह नागरिक सम्मान सार्वजनिक जीवन में उनके लंबे सार्थक योगदान और झारखंड राज्य के गठन में ऐतिहासिक भूमिका निभाने के लिए दिया जा रहा है।शिबू सोरेन का निधन चार अगस्त 2025 को लंबी बीमारी के बाद हो गया था। मरणोपरांत उन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है।

### चैनपुर-दुधकुंडी मार्ग पर अतिक्रमण से जल निकासी बाधित, ग्रामीणों ने कार्रवाई के लिए बीडीओ व सीओ को सौंपा पत्र

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पश्चिमी सिंहभूम : चक्रधरपुर प्रखंड के चैनपुर पंचायत के ग्रामीणों ने चैनपुर से दुधकुंडी जाने वाले मुख्य मार्ग पर सड़क एवं नाला क्षेत्र में हुए अतिक्रमण को हटाने तथा समुचित जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सोमवार को संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि कुछ लोगों ने सड़क एवं नाला निर्माण के लिए निर्धारित भूमि पर अतिक्रमण कर लिया है। इसके कारण कई स्थानों पर नाला का निर्माण नहीं हो पाया है और जहां नाला होना चाहिए वहां भी जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। नतीजतन वर्षा का पानी और आसपास के घरों का गंदा पानी सड़क एवं आवासीय क्षेत्रों में जमा हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय तक पानी जमा रहने से मच्छरों और अन्य कीटों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया सहित विभिन्न संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा जलजमाव के कारण लोगों को आवागमन में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता से मांग की है कि स्थल का शीघ्र निरीक्षण कर सड़क एवं नाला क्षेत्र पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाए।साथ ही स्थायी समाधान के लिए नाला निर्माण एवं प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।इस मांग पत्र पर स्थानीय ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं तथा चैनपुर पंचायत के मुखिया साहेब हेम्ब्रम ने भी ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों ने कहा कि समस्या का जल्द समाधान होने से क्षेत्र के लोगों को जलजमाव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी।सौंपे गए आवेदन में शिक्षक दुष्यंत कुमार नापित, बेणुधर नापित, राजेंद्र नापित, छोटेलाल, नापित, किरण देवी, पूर्णिमा देवी, संगीता नापित, कल्याणी देवी, रेणु देवी, कोकील नापित, पुष्पा नापित, नुगरू नापित, सिद्धांध नापित, मुकेश कुंभकार, मानिक प्रजापति, डोमी देवी, राकेश नापित आदि ने हस्ताक्षर किया है।

### गुमला एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक,काम नहीं करने वाले थानेदारों को अंतिम चेतावनी दी गयी

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

गुमला : गुमला के पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां की अध्यक्षता में थानावार अपराध की समीक्षा बैठक पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार चंदाली में हुई। बैठक में सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। अपराध गोष्ठी प्रारंभ करने से पहले उच्च न्यायालय द्वारा पोक्सो, एनडीपीएस एवं अन्य विषयों पर पारित आदेश के संबंध में जानकारी दी गयी एवं अनुपालन हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।एसपी ने कहा है कि लूट, डकैती, गृहभेदन से संबंधित कांडों की समीक्षा की गयी।अवैध मादक पदार्थों की बिक्री व तस्करी की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के लिए थानेदारों को कहा गया है। शीर्षवार लंबित, स्थायी वारंट, कुर्की, इस्तेहार का निष्पादन करने का कड़ा निर्देश दिया गया है।सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्रवाई की समीक्षा की गयी।सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अभियान चलाने के लिए कहा गया है। डायल 112 से संबंधित कार्रवाई के संबंध में समीक्षा की गयी।जेल से छूटे अपराधकर्मियों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की समीक्षा करते हुए एसपी ने कहा है कि ऐसे लोगों पर नजर रखें।डायन प्रथा, मानव तस्करी, पलायन एवं महिलाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु आमजनों के बीच जागरूकता अभियान चलाये।

### एसपी ने मुहर्रम पर्व को देखते हुए विशेष सतर्कता एवं निगरानी रखने के निर्देश,अपराध गोष्ठी एवं पुलिस सभा आयोजित

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

सिमडेगा : एसपी श्रीकांत एस खोटरे की अध्यक्षता में सोमवार को एसपी कार्यालय स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी एवं पुलिस सभा का आयोजन किया गया।बैठक में जिले के सभी थानों में विगत माह दर्ज एवं निष्पादित कांडों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था संधारण तथा पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को प्राथमिकी दर्ज होने के 60 एवं 90 दिनों के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने, वारंटों का समय पर निष्पादन करने तथा गवाहों की न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने संपत्ति मूलक अपराधों पर नियंत्रण, सक्रिय अपराधियों एवं नक्सलियों के सत्यापन, रोड फेसिंग सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, अवैध शराब एवं नशा कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाने तथा बिट पुलिसिंग को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया।आगामी मुहर्रम पर्व को देखते हुए विशेष सतर्कता एवं निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए।

# उपायुक्त का कड़ा निर्देश, बसों में मनमाना किराया वसूली की होगी जांच

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि




गुमला : जिला सड़क सुरक्षा समिति गुमला की विशेष बैठक उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में सोमवार को हुई।बैठक में जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। साथ ही ब्लैक स्पॉट के सुदृढ़ीकरण, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन एवं बस एसोसिएशन द्वारा किराया में वृद्धि जैस विषयों पर कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया गया। बैठक में बस एसोसिएशन द्वारा हाल ही में बस का किराया बढ़ाये जाने के विषय पर विस्तार से वार्ता किया गया।इस मामले को उपायुक्त ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया कि इस आशय में जल्द से जल्द एक विशेष बैठक कर वस्तुस्थिति की पूरी जानकारी ली जाये। इसके साथ ही बस स्टैंड और बसों का औचक निरीक्षण भी किया जाये ताकि यात्रियों से मनमाना भाड़ा वसूलने की सत्यता की जांच की जा सके और दोषियों पर लगाम लगायी जा सके। वहीं सड़कों की जर्जर स्थिति और सुरक्षा उपायों की गंभीरता से समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को तत्काल प्रभाव से जमीनी स्तर पर कार्य शुरू करने का निर्देश दिया।शहर के प्रमुख उर्मी चौक पर गोलंबर और रंबल स्ट्रिप का निर्माण कार्य को हर हाल में एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का कड़ा निर्देश दिया। इसके साथ ही दुर्घटनाओं के लिहाज से बेहद संवेदनशील माने जाने वाले जोड़ाजाम ब्लैक स्पॉट के सुदृढ़ीकरण के लिए वहां तत्काल हाई मास्ट लाइट लगाने की स्वीकृति प्रदान की गयी ताकि रात के अंधेरे में होने वाले सड़क हादसों पर प्रभावी रूप से रोक लगायी जा सके।वहीं गुमला से घाघरा रोड पर चल रहे अस्थायी मरम्मत कार्यों को भी एक सप्ताह के अंदर पूरी तरह से खत्म करने की सख्त हिदायत दी गयी। शहर के केओ कॉलेज मार्ग पर बढ़ते यातायात के दबाव को देखते हुए इसके चौड़ीकरण के लिए जल्द ही संबंधित विभाग को औपचारिक प्रस्ताव भेजने की बात कही गयी।इसके अलावा उपायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया कि हाईवे पर अनाधिकृत रूप से बनाये गये सभी अवैध कट को अगले दस दिनों के भीतर पूरी तरह से बंद कर दिया जाये। सड़क हादसों के दौरान घायल लोगों की जान बचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को आपसी समन्वय स्थापित कर काम करने को कहा गया।हाईवे पर दुर्घटना के शिकार लोगों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए टोल प्लाजा के पास एक और हाईवे एंबुलेंस की मांग मजबूती से रखा गया। साथ ही हाईवे हेल्पलाइन नंबर को और अधिक सक्रिय करने तथा एंबुलेंस का रिस्पांस टाइम 15 मिनट से भी कम करने का कड़ा निर्देश जारी किया गया. इसके साथ ही स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जिले में चलने वाली सभी स्कूल बसों की फिटनेस की सघन जांच करने का अहम निर्णय लिया गया।पर्यावरण संरक्षण और सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से आरसीडी और एनएच द्वारा अपने अधीन आने वाली सड़कों के किनारे लगाये जाने वाले पौधों की एक विस्तृत सूची जल्द ही डीएफओ को उपलब्ध कराने की बात कही गयी।उपायुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक सरकारी या प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर आम जनता के अमूल्य जीवन से जुड़ा हुआ बेहद संवेदनशील मामला है।इसलिए इस कार्य में किसी भी विभाग या अधिकारी की ओर से किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और दोषियों की जवाबदेही तय की जायेगी।

## जनसुनवाई कार्यक्रम में एसडीपीओ बोले- 112 पर सूचना दें, 10 मिनट में पहुंचेगी पुलिस, होगी कार्रवाई

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पश्चिमी सिंहभूम : पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने तथा लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को चक्रधरपुर थाना परिसर में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव रवि चौधरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) डॉ सय्यद मुस्तफा हाशमी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) कंचन मुखर्जी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, थाना प्रभारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव रवि चौधरी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता एवं अन्य सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने के लिए डालसा द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और जरूरत पड़ने पर इस सुविधा का लाभ उठाना चाहिए। मंच से उठकर जनता के बीच अपने संबोधन में एसडीपीओ डॉ सय्यद मुस्तफा हाशमी ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास एवं सहयोग से ही समाज में शांति और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है।उन्होंने लोगों से किसी भी समस्या, शिकायत या सूचना को बेझिझक पुलिस तक पहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस आम नागरिकों की सुरक्षा और सेवा के लिए प्रतिबद्ध है।जनता को पुलिस से नहीं, बल्कि अपराधियों को कानून से डरना चाहिए।उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों की रसीद दी जाएगी तथा संबंधित मामलों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अगले माह आयोजित होने वाली जनसुनवाई में इन मामलों की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी. एसडीपीओ ने आपातकालीन सेवा नंबर 112 की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना, दुर्घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत 112 पर दें। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम लगभग 10 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करेगी।उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी व्यक्ति की शिकायत पर थाना स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है तो सभी थानों के मुख्य द्वार पर शिकायत पेटिका लगाई गई है।लोग उसमें अपना आवेदन डाल सकते हैं. शिकायत पेटिका की चाबी स्वयं उनके पास रहती है, जिससे शिकायतों की सीधे समीक्षा कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।एसडीपीओ ने बढ़ते नशे के प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि चक्रधरपुर अनुमंडल को नशामुक्त बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते नशे के खिलाफ प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो युवा पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ सकता है।उन्होंने लोगों से नशा उन्मूलन अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की।कार्यक्रम में बीडीओ कंचन मुखर्जी ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने तथा प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर विकास कार्यों में सहयोग करने का आग्रह किया।इस अवसर पर विभिन्न थाना प्रभारियों ने सामाजिक एवं कानूनी विषयों पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। चक्रधरपुर थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने मानव तस्करी (चाइल्ड ट्रैफिकिंग) के खतरों एवं रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डाला। कराईकेला थाना प्रभारी प्यारे हसन ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संदेश दिया।टोकलो थाना प्रभारी अंकित कुमार ने साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए।बंदगांव थाना प्रभारी मिथुन कुमार ने अवैध अफीम खेती की रोकथाम को लेकर लोगों को जागरूक किया।टेबो थाना प्रभारी सुशील कुमारी मरांडी ने बाल विवाह की कुप्रथा और उसके कानूनी परिणामों की जानकारी दी।वहीं महिला थाना प्रभारी मेनका बिरूली ने महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी सहायता योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंचल कार्यालय के सीआई विनोद कुमार ने आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से मिलने वाली सहायता एवं मुआवजा योजनाओं की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि हिट एंड रन दुर्घटना, सर्पदंश, वज्रपात, नदी या तालाब में डूबने जैसी घटनाओं में सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधानों के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।बंदगांव प्रखंड की अंचल कर्मी सलैजा महतो ने सर्पदंश के मामलों में अंधविश्वास से बचने की अपील करते हुए कहा कि झाड़-फूंक के बजाय पीड़ित को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल ले जाना चाहिए, ताकि समय पर इलाज मिल सके और उसकी जान बचाई जा सके।जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), बिजली विभाग, प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, नगर परिषद सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी गई।

## बालू घाटों की ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया पूर्ण, अब बीडीओ को ग्राम सभा की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

गुमला : उपायुक्त गुमला दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स (खनन), एनसीओआरडी, सड़क सुरक्षा तथा कारा सुरक्षा से संबंधित समीक्षा बैठक सोमवार को समाहरणालय सभागार में हुई।बैठक में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन पर नियंत्रण, मादक पदार्थों की रोकथाम, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा मंडल कारा की सुरक्षा एवं आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने संबंधित विषयों की विस्तृत समीक्षा की गयी।जिला टास्क फोर्स (खनन) की समीक्षा में उपायुक्त ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाये गये प्रतिबंध की अवधि समाप्त होने के बावजूद सभी संभावित बालू घाटों एवं नदी क्षेत्रों में नियमित छापामारी अभियान चलाकर अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन पर पूर्णतः रोक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्रों में जिला टास्क फोर्स द्वारा संयुक्त रूप से नियमित निरीक्षण एवं कार्रवाई की जाये तथा प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाये।वहीं जानकारी दी गयी कि जिलांतर्गत कैटेगरी-11 के 18 बालू घाटों (एक इकाई) की ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की जा चुकी है। जिसपर उपायुक्त ने संबंधित बीडीओ को ग्राम सभा की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि जिले में बालू उपलब्धता की समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके।इसके साथ ही उपायुक्त ने खनिज परिवहन में लगे वाहनों के परिवहन चालान, ओवरलोडिंग एवं सुरक्षा मानकों की नियमित जांच करने तथा खनिजों को तिरपाल से ढंककर परिवहन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी वृहत खनिज (बॉक्साइट) एवं लघु खनिज (पत्थर) क्षेत्रों में समाप्त खनन पट्टों तथा चालू पट्टाक्षेत्र से बाहर होने वाले अवैध खनन पर सतत निगरानी रखने को कहा. साथ ही खनन पट्टों एवं क्रशर इकाइयों की नियमित जांच कर बाउंड्री पिलर, साइन बोर्ड, क्रशर कवरिंग एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एनसीओआरडी की समीक्षा में उपायुक्त ने मादक पदार्थों के विरुद्ध जिले में व्यापक जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाने का निर्देश दिया।साथ ही जिले के बाहर से आने वाले मादक पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला एवं संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया।कारा सुरक्षा समीक्षा में उपायुक्त ने मंडल कारा के नवनिर्मित भवनों को अविलंब हैंडओवर कराने का निर्देश दिया। साथ ही विस्तारित कारा खंड में बंदियों को स्थानांतरित करने से पूर्व सीसीटीवी कैमरा एवं इलेक्ट्रिक फेंसिंग की स्थापना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को कहा।

# दीपिका पांडेय सिंह ने 7 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि



गोड्डा : महगामा विधायक सह ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने मेहरमा प्रखंड में विभिन्न योजना एवं जनसुविधा से जुड़ी विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।योजनाओं से प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ आम नागरिकों को बेहतर, सुलभ और समयबद्ध सरकारी सेवाएँ उपलब्ध कराये जाने को लेकर मंत्री श्रीमती सिंह ने लगभग 6 करोड़ की लागत से निर्मित प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अंचलाधिकारी, पर्यवेक्षीय एवं तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास,प्रखंड परिसर के विकास एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। 25.73 लाख की लागत से बनने वाले ब्लॉक परिसर स्थित पार्किंग स्थल,65.62 लाख की लागत से बनने वाले ईटहरी पंचायत के विवाह भवन का शिलान्यास किया।मंत्री ने कहा कि मजबूत आधारभूत संरचना केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बेहतर प्रशासन, पारदर्शी कार्यप्रणाली और समयबद्ध सेवा वितरण का आधार है। प्रखंड और अंचल कार्यालय ग्रामीण जनता की उम्मीदों का केंद्र हैं,लोग अपनी समस्याओं के समाधान की आशा लेकर इन कार्यालयों में आते हैं। ऐसे में प्रशासनिक पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे हर जरूरतमंद व्यक्ति, महिला, पुरुष और बुजुर्ग के समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना ही सरकार एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों का दायित्व है।मंत्री ने कहो मेहरमा के भुस्खा पहाड़ को भी पर्यटन के नक्शे पर लाने की दिशा में एक बड़ी परियोजना पर काम शुरू हो चुका है। जल्द ही शिलान्यास किया जाएगा जिस प्रकार भगैया पार्क विकसित हुआ है, उसी प्रकार मेहरमा में भी एक नया पर्यटन स्थल विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल राशन, पेंशन, आवास, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बच्चों के बेहतर भविष्य, हरित वातावरण और सामुदायिक सुविधाओं का भी विस्तार करना है।पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पंचायतों को वर्षों से लंबित पंद्रहवें वित्त आयोग की राशि उपलब्ध कराने का काम किया गया है, ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति मिल पाये। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार बनने के बाद पेंशन, राशन, अबुआ आवास और मंईयां सम्मान योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।जेएसएलपीएस पर चर्चा कर कहा कि माध्यम से महिलाओं को बैंक क्रेडिट लिंकिंग, प्रशिक्षण और स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है।झारखंड में जेएसएलपीएस की महिलाओं द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यन से उगाए गए आम आज विदेशों में निर्यात हो रहे हैं। भगौयो सिल्क को जीआई टैके मिलना बड़ी उपलब्धि बताते हुए श्रीमती सिंह ने कहा कि अब यह सुनिश्चित होगा कि हमारे बुनकरों को अच्छे दाम मिले।पीने के पानी की समस्या का उल्लेख करते हुए श्रीमति सिंह ने कहा कि कई जलापूर्ति योजनाएँ केंद्र सरकार से समय पर राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रभावित हुईं, लेकिन राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है और जल्द ही इन योजनाओं को पूरा किया जाएगा। जब तक सभी नल-जल योजनाएँ पूरी तरह चालू नहीं हो जातीं, तब तक पंचायतों को उपलब्ध कराई गई राशि से चापाकलों की मरम्मत और पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाएगी।इसके लिए जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों और कर्मियों को विशेष जिम्मेदारी निभानी होगी।मंत्री ने कहा कि पंचायतों में डिजिटल सेवाओं के विस्तार से प्रखंड कार्यालयों में भीड़ कम हुई है और सरकार का प्रयास है कि छोटी-छोटी जरूरतों के लिए ग्रामीणों को प्रखंड या जिला कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े।उन्होंने बताया कि जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्रों के लिए पंचायतों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इससे पहले पेंशन, मंईयां सम्मान और अबुआ आवास के लिए भी शिविर लगाए गए थे। आने वाले समय में ड्राइविंग लाइसेंस और स्वास्थ्य बीमा जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए भी पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएँगे।सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि महागामा, मेहरमा और ठाकुरगंगटी के लोगों को राज्य के अन्य विकसित क्षेत्रों जैसी सुविधाएँ अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकें।

ट्रूथ पथ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक कुमार भारती के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रीटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर के.जी. आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रिक एवं नियर भाटिया शिव मंदिर, गांधी नगर धनबाद से प्रकाशित फोन नं. 7004605076, 9852421580
संपादकः- रवि रंजन * इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उतरदायी। ई. मेलः-truthpath941@gmail.com आर. एन. आई.नंबर .-JHAHIN/2023/90593

संक्षिप्त खबरें

## मुआवजे और नियोजन के लिए एएमसी कोलियरी मे शव के साथ प्रदर्शन



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः बरोरा थाना क्षेत्र के शताब्दी-चिटाही मुख्य मार्ग पर बीते दिनों मृत पाए गए बीसीसीएल कर्मी तुलेश्वर नोनिया के परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा आज फूट पड़ा। मृतक के आश्रित को तत्काल नियोजन (नौकरी) देने की मांग को लेकर परिजनों ने शव के साथ एएमपीसी कोलियरी के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन के कारण कोलियरी के प्रशासनिक और परिचालन कार्यों में बाधा आई। कोलियरी मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर रहे परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस अपनी कार्रवाई और जांच कर रही है, जिससे उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन, परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य की मौत के बाद आश्रितों के सामने जीविकोपार्जन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इसलिए बीसीसीएल प्रबंधन को संवेदनशीलता दिखाते हुए मृतक के परिजन को तत्काल मुआवजा व नियोजन देना चाहिए। शव के साथ कोलियरी गेट पर प्रदर्शन की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन और बीसीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। समाचार लिखे जाने तक परिजनों को समझाने- बुझाने और मामले का सम्मानजनक समाधान निकालने के लिए वार्ता का दौर जारी है। प्रबंधन तत्काल प्रोविजनल नियोजन देने पर असमर्थता जताने पर वार्ता विफल हो गया। परिजनों का साफ कहना है कि जब तक प्रोविजनल नियोजन को लेकर प्रबंधन की ओर से लिखित या स्पष्ट आश्वासन नहीं मिलता, वे शव को मुख्य द्वार से नहीं हटाएंगे।

## धनबाद रेलवे स्टेशन पर रेल सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः धनबाद रेल मंडल एवं एनजीओ की ओर से सोमवार को धनबाद रेलवे स्टेशन के परिसर में ह्लरेल सुरक्षा एवं जागरूकता अभियानह्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा यात्रियों एवं कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सीपीआर एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। रेल यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा सावधानियों तथा जिम्मेदार नागरिक एवं यात्री के रूप में कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसके माध्यम से यात्रियों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने, रेलवे परिसरों को साफ-सुथरा रखने तथा सार्वजनिक संपत्ति के संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर धनबाद रेल मंडल के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री मनीष सौरभ सहित मंडल के अन्य अधिकारी, एनजीओ के सदस्य तथा बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी एवं यात्रीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों के बीच स्वच्छता, रेल सुरक्षा, महिला सुरक्षा, प्लेटफॉर्म टिकट के महत्व, यात्री अनुशासन, व्यक्तिगत सामान की सुरक्षा तथा सीपीआर एवं प्राथमिक चिकित्सा संबंधी जागरूकता का प्रसार करना था। धनबाद रेल मंडल यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक रेल यात्रा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे.

## रेलवे ऑटोटोरियम में वेस्ट मीट ईस्ट म्यूजिकल कार्यक्रम का आयोजन



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः धनबाद रेलवे ऑटोटोरियम में जिला चेम्बर ओर्केस्ट्रा ने म्यूजियम कार्यक्रम का आयोजन वेस्ट मीट ईस्ट के थीम पर किया।कार्यक्रम में वायलन सीखने वाले छात्रों ने अपनी प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो का मन छात्रों ने वायलन बजाकर मोहा।वायलन बजाने वाले छात्र काफी उम्र थे। वही कथक नृत्य कलाकार द्वारा विष्णु वंदना शान्ताकारम दस अवतार को अपने नृत्य से प्रस्तुति दी।कथक नृत्यांगना के द्वारा विष्णु के दस अवतार की प्रस्तुति को देख सभी आनन्दित हुए। वही वायलन सीखने वाले छात्रों ने बताया कि उनके म्यूजिक टीचर उन्हें अच्छे से सीखते है। म्यूजिक से उन सभी का लगाव है।पेरेंट्स भी इसमें स्पोट करते है। वही म्यूजिक टीचर ने कहा कि धनबाद जैसे छोटे शहरो में म्युकिक को लेकर लोग बहुत रुचि नही रखते है।शुरूआत में इसमें थोड़ी परेशानी आई।लेकिन धोरे धीरे बच्चे जुड़ते गए।उनके द्वारा सिखाये गए बच्चे देश विदेश सभी जगह अपना परफॉर्मेंस दे चुके है। वही कथक नृत्यांगना ने कहा कि वह बीएचयू बनारस से कथक में ग्रेजुएशन कर रही है।धनबाद में म्यूजिक कार्यक्रम का आयोजन होने को लेकर आई थी।वह देश के विभिन्न राज्यो में परफॉर्मेंसस कर चुकी है।जहां वह प्राइज भी जीती है।आज के नृत्य में विष्णु वंदना शान्ताकारम दस अवतार की प्रस्तुति दी।

## वारंटी को भेजा जेल



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः बाघमारा थाना पुलिस ने एक गैर-जमानती वारंटी डुमरा निवासी प्रमोद कुमार बर्नवाल के पुत्र राहुल कुमार बर्नवाल उर्फ विवेक कुमार उर्फ कॉटेज को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला संख्या जीआरपी नंबर - 121/24 के तहत वारंट जारी किया गया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का नाम पहले बाइक चोरी कांड में भी सामने आ चुका है, जिसके लिए वह पूर्व में भी जेल जा चुका है। पुलिस फिलहाल आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

# मुहर्रम में सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीसी





ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः मुहर्रम पर्व के दौरान सौहार्द बिगाड़ने वालों पर प्रशासन सख्त से सख्त कार्रवाई करेगा। उपद्रवियों पर कड़ी नजर रहेगी। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बलों की तैनाती होगी। मुहर्रम के अखाड़े तय रूट पर ही निकाले जाएंगे। सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की निगाहें रहेंगी। उक्त बातें डीसी आदित्य रंजन ने सोमवार को कहीं। अवसर था जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का। इसका आयोजन न्यू टाउन हॉल में डीसी की अध्यक्षता में किया गया था। बैठक में एसएसपी प्रभात रंजन भी मौजूद थे। डीसी ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे तत्वों के विरुद्ध विभिन्न प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने शांति समिति के सदस्यों से किसी भी घटना की आशंका होने पर घटना से पहले तुरंत वरीय पदाधिकारियों को सूचित करने का अनुरोध किया। साथ में युवाओं पर विशेष निगरानी रखने एवं पिछले सभी त्यौहार की तरह इस त्यौहार को भी शांति से मनाने की अपील की। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने उपद्रवियों की सूचना पहले देने का अनुरोध किया। साथ में शांति समिति के सदस्यों को पर्व के दौरान एक्टिव रहने एवं अपनी भूमिका अच्छे से निभाने का अनुरोध किया। वहीं शरारती तत्वों को चेतावनी देते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पर्व के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति उपद्रव फैलाने या विधि व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगा। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों को भी यह संदेश उपद्रवियों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी शरारती तत्व गलती से भी सौहार्द बिगड़ने की गलती न करें। पर्व के दौरान प्रशासन की पूरी टीम शांति बनाए रखने के लिए सतर्क रहेगी। इससे पहले बैठक में उपस्थित विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों को अपना दायित्व का पालन करने का अनुरोध किया। बैठक में रामगोपाल भुवानिया, राणा चट्टराज, विजय शर्मा, तेज प्रकाश पांडेय, गुरमीत सिंह डांग, मोहम्मद अफजल खान, तारा पदो धीवर, शैलेश कुमार, भोला राम, पिंटू कुमार तुरी, मेराज खान, कुलदीप कुमार अग्रवाल, मोहम्मद शहाबुद्दीन, नागेंद्र कुमार सिंह, एजाज अहमद, बलराम प्रसाद साव, मुन्ना सिद्दीकी, डीएन प्रसाद यादव सहित शांति समिति के अन्य सदस्यों ने अपने-अपने विचार प्रकट किया। जिसमें मुख्य रूप से डीजे पर पाबंदी लगाने, पर्व के दौरान खतरनाक खेल का प्रदर्शन नहीं करने, जुलूस के दौरान भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने, पर्व को सादगी से मनाने, बंद स्ट्रीट लाइट को चालू कराने, अवैध शराब के कारोबारियों पर कार्रवाई करने, स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की मौजूदगी सुनिश्चित करने, सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने सहित अन्य सुझाव प्राप्त हुए। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर प्रकाश सोय, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, एसडीपीओ बाघमारा अजीत विमल, एसडीपीओ सिंदरी चंदन प्रकाश महतो, डीएसपी सीसीआर प्रदीप कुमार साव, एसडीपीओ निरसा लीलेश्वर महतो, डीसीपी ट्रैफिक रोहित कुमार साव के अलावा विभिन्न प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सभी थाना के थाना प्रभारी तथा शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## विधानसभा की प्रत्यायुक्त समिति ने की समीक्षा बैठक





ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति के सभापति सरयू राय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें समिति सदस्य देवेन्द्र कुंवर भी मौजूद थे। बैठक सर्किट हाउस में हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, सूचना का अधिकार अधिनियम, झारखंड सेवा की गारंटी अधिनियम तथा जनहित से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। सभापति सरयू राय ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से आम नागरिकों तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखें तथा सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का पालन करें। समीक्षा के क्रम में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की योजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया। समिति ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, जलापूर्ति योजनाओं की स्थिति तथा लंबित कार्यों की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने एवं आम जनता को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। वहीं आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संचालन, राशन कार्ड से संबंधित मामलों तथा लाभुकों को खाद्यान्न वितरण की स्थिति पर चर्चा की गई। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पात्र लाभुकों को निर्धारित समय पर खाद्यान्न उपलब्ध हो तथा शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं, चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली गई। समिति ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनसुलभ बनाने पर बल दिया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं, नामांकन, छात्रवृत्ति योजनाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति का आकलन किया गया। समिति ने विद्युत, उद्योग, प्रदूषण, कल्याण तथा अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की। समिति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ निर्धारित समय सीमा के भीतर लाभुकों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करें। बैठक में अधिकारियों को झारखंड सेवा की गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित सेवाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने तथा नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, डीएलएओ राम नारायण खालको, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, आरसीडी कार्यपालक अभियंता मिथिलेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, पीएचईडी 1 एवं 2 के कार्यपालक अभियंता के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाएंः सरयू राय



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादःआर्य व्यायामशाला एवं योग मंदिर ट्रस्ट, कतरास के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र के विधायक सरयू राय शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यायामशाला के सदस्य, स्थानीय नागरिक एवं विद्यालय की छात्राओं ने भाग लेकर योगाभ्यास किया।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सरयू राय, पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय झा, डॉ. शिवानी झा, डॉ वीएन. चौधरी एवं गुरुजी दुगार्राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा स्वामी सत्यानंद महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कुमार झा एवं दुगार्राम ने मुख्य अतिथि सरयू राय को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। वहीं वार्ड संख्या दो के पार्षद मोहम्मद शहाबुद्दीन एवं वार्ड संख्या पांच की पार्षद निरुपमा देवी को भी बुके देकर सम्मानित किया गया।योग शिविर में फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. विनय कुमार एवं डॉ. शिवानी झा के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। उपस्थित लोगों को योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी भी दी गई। छात्राओं एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। अपने संबोधन में विधायक सरयू राय ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली परंपरा है, जिसका श्रेय महर्षि पतंजलि को जाता है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की एक वैज्ञानिक पद्धति है। कार्यक्रम में धनबाद बार के वरीय अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्य, उदय सिंह,अनंत श्रीकृष्णा, शंकर चौहान, ट्रस्ट के सचिव रणधीर बर्मन, संगठन सचिव दीपक गुप्ता, कोषाध्यक्ष अभय बर्मन, राजेश सिंह, दीपक विश्वकर्मा, आनंद गुप्ता, विक्की रवानी, दयानंद रवानी, राहुल साव, अंकुश विश्वकर्मा, कालाचंद बाउरी, गणेश, आकाश रवानी, मो. हसनैन, प्रियांशु, मुन्ना सिंह, नंदू, रमेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सदस्य, अभिभावक एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

## केंदुआ पुल हनुमान मंदिर से निकली कलश यात्रा



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः केंदुआपुल स्थित श्रीश्री हनुमान मंदिर में चारदिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा में महिला पुरुष व बच्चे भक्तिमय माहौल बनाए हुए थे। महिला भक्त अपने सिर पर कलश लिए हुए थी,जबकि पुरुष जय श्रीराम लिखा झंडा लिए हुए जयकारे लगा रहे थे।कलश यात्रा में शामिल महिला भक्त 108 कलश और पुरुष भक्त 108 झंडा लिए हुए मंदिर परिसर से बाजे गाजे और झांकी के साथ केंदुआडीह कोलियरी अंतर्गत खैरा तालाब जल लेने पहुंचे।.मंदिर के पुजारी श्रीकांत पांडेय के देखरेख में तालाब से जल भरने के बाद होते केंदुआपुल सिनेमा हॉल के रास्ते मंदिर परिसर पहुंचे।कलश यात्रा में मुख्य यजमान फूलचंद यादव, राजेश यादव, मंजीत यादव सपरिवार शामिल थे। मंदिर के पुजारी श्रीकांत पांडेय ने बताया कि मंगलवार की सुबह से 24घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू होगा। जिसका समापन बुधवार को किया जाएगा। उसके उपरांत भंडारा का आयोजन किया जाएगा।गुरुवार को देवघर की कलाकार पल्लवी झा एंड टीम जागरण करेंगी। पुटकी फोटो 3 केंदुआपुल स्थित श्रीश्री हनुमान मंदिर में चारदिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई।

## संगीतकार जुबिन गर्ग को झारखंड बांग्ला भाषा संस्कृति परिषद ने दी श्रद्धांजलि



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः असम (गुवाहाटी) निवासी संगीतकार जुबिन गर्ग को श्रद्धांजलि देने के लिए 'झारखंड बंगला भाषा संस्कृति परिषद' का एक प्रतिनिधिमंडल उनके आवास पहुंचा। वहां परिषद के सदस्यों ने जुबिन गर्ग के पिता, प्रख्यात कवि व साहित्यकार कपिल बर ठाकुर को परिषद का स्मृति चिह्न (मोमेंटो) और असम का पवित्र 'गमोछा' (गमछी) सौंपकर जुबिन दा को श्रद्धांजलि अर्पित की। सदस्यों ने उनके पिता के साथ जुबिन दा के जीवन और संगीत यात्रा पर चर्चा की। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने उनके समाधि स्थल का भी दौरा किया। इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष अजय मुखर्जी, सदस्य लूना मुखर्जी, सहायक प्रोफेसर डॉ. चंदन कुमार गोस्वामी, सुमिता देवी चौधरी और चंद्राकी गोस्वामी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। जुबिन गर्ग की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग ने प्रतिनिधिमंडल से बातचीत में बताया कि जुबिन ने 52 साल की उम्र में 40 अलग-अलग भाषाओं में लगभग 40 हजार गाने गाए। उन्होंने सिर्फ गाने ही नहीं गाए, बल्कि हजारों कविताएं और गीत लिखे, फिल्में बनाईं और समाज सेवा के क्षेत्र में कई अनुकरणीय काम किए। श्रद्धांजलि में बंद रहीं दुकानें, मस्जिदों में बजे गाने 6 दिवसीय राज्यस्तरीय शोकः गुवाहाटी यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर डॉ. चंदन कुमार गोस्वामी ने बताया कि जुबिन दा के सम्मान में 6 दिनों का राज्यस्तरीय शोक मनाया गया था। सभी दुकानें बंद रहे । यंहा तक की इस दौरान मछली और सब्जी विक्रेताओं ने भी स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मस्जिदों में जले दीपः स्थानीय युवा मैदुल हक ने बताया कि जुबिन दा के सम्मान में मस्जिदों में भी उनके गाने बजते रहे और दीप जलाए गए, जो कि अमूमन मस्जिदों में नहीं होता है। यह उनकी सर्वधर्म स्वीकार्यता को दशार्ता है। पर्यावरण के प्रति प्रेमः सुमिता देवी चौधरी ने बताया कि जुबिन दा को पर्यावरण से गहरा लगाव था। उन्होंने सिर्फ असम या गुवाहाटी में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी हजारों पौधे लगाए थे।

हिंदी दैनिक समाचार
ट्रूथ पथ

झारखण्ड

धनबाद, मंगलवार 23 जून 2026
E-Mail:-truthpath941@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

## रांची और गुमला के दो गरीब परिवार को सीएम हेमंत ने दिया मदद का निर्देश



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची और गुमला के दो अलग-अलग मामलों में गरीब परिवारों की मदद के लिए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।उन्होंने संबंधित डीसी को टैग करते हुए जांच कर जरूरी सरकारी सहायता मुहैया कराने को कहा है। सीएम को सोशल मीडिया पर जानकारी मिली की सीमा लोहरा रांची के पिस्का नगड़ी में रहती हैं।दिसंबर में मुफलिसी के बीच पति की मौत हो गयी।दो बच्चे हैं।एक तीन साल का बेटा।दूसरा चार महीने का दूधमुंहा। सीमा अकेली है।गोद में बच्चे को लेकर काम की तलाश में निकलती हैं, लेकिन हर जगह निराशा मिलती है। घर में चूल्हा तक नहीं जल रहा। सीमा लोहरा अब कह रही है कि मेरे बच्चों को किसी अनाथालय में रख दीजिए, कम से कम उनका भविष्य तो बच जायेगा।सीएम ने तत्काल रांची डीसी को उक्त मामले की जांच कर सीमा लोहरा को हर जरूरी सरकारी योजना से तथा बच्चों को शिक्षा और आंगनवाड़ी से जोड़ने हेतु कार्रवाई कर सूचित करने का निर्देश दिया।वहीं गुमला में जिंदगी और मौत से जूझ रहे गरीब मरीज जगन्नाथ तिर्की के इलाज के लिए उनकी पत्नी को शहर की व्यस्त सड़कों पर राहगीरों के सामने आंचल फैलाकर मदद मांगनी पड़ी।इस दर्दनाक घटना की जानकारी मिलते ही सीएम सोरेन ने डीसी गुमला को टैग कर मामले की जांच करने और मरीज को उचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।डीसी ने तत्काल जवाब देते हुए कहा कि उनके इलाज की व्यवस्था कर दी गयी है।

## दिव्यांग दंपति से मिले उपायुक्त, हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पलामू : उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय परिसर में रेहला क्षेत्र के केतात कला निवासी दिव्यांग दंपति प्रमोद कुमार साव एवं उनकी धर्मपत्नी सरिता देवी से मुलाकात की। इस दौरान दंपति ने अपनी दैनिक आवाजाही एवं आवश्यक कार्यों के निष्पादन में हो रही कठिनाइयों से अवगत कराते हुए बैटरी संचालित स्कूटी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।उपायुक्त ने दंपति की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक पहल करने एवं नियमानुसार उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं उनकी आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील है तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।उपायुक्त श्री शेखावत ने दंपति को हरसंभव सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों को सम्मानजनक एवं सुगम जीवन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय की उपस्थिति में आयुक्त के सचिव विजय वर्मा ने सौंपा प्रभार



ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पलामू : पलामू प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय की उपस्थिति में आयुक्त के सचिव (झा.प्र.से.) विजय वर्मा ने अपने पद का प्रभार रोहित सिन्हा(झा.प्र.से.) को विधिवत सौंपा।इस अवसर पर आयुक्त ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी साथ ही विभाग से संबंधित कार्यों के सुचारू संचालन तथा आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया। आयुक्त ने नवपदस्थ रोहित सिन्हा(आयुक्त के सचिव) को विभागीय दायित्वों का निर्वहन पारदर्शिता एवं दक्षता के साथ करने का निर्देश दिया।इस दौरान अधिकारियों ने विजय वर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं नवपदस्थापित पदाधिकारी रोहित सिन्हा को नई जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

## खरसावां में 27 को निकलेगा मुहर्रम का जुलूस,सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इंतेजाम

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

सरायकेला : मुहर्रम को लेकर सोमवार को खरसावां थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ प्रधान माझी ने की।बैठक में मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारे, शांति और सद्भावना के साथ मनाने पर जोर दिया गया।प्रशासन की ओर से बताया गया कि 26 जून को मुहर्रम का पर्व मनाया जायेगा, जबकि 27 जून को जुलूस निकाला जायेगा।बैठक में जुलूस मार्ग की साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने पर चर्चा की गयी।प्रशासन ने बताया कि 27 जून को जुलूस के दौरान शाम चार बजे से रात नौ बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं अस्पताल में आवश्यक दवाओं के साथ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

बीडीओ प्रधान माझी व सीओ कप्तान माझी ने बताया कि मुहर्रम के दौरान अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने कहा कि जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किये जायेंगे और पुलिस बल की तैनाती रहेगी।बैठक के बाद अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों ने जुलूस मार्ग का निरीक्षण भी किया।जानकारी दी गयी कि मुहर्रम का जुलूस बेहरासाही स्थित इमामवाड़े से शुरू होकर तांतीसाही, भट्टी चौक, चांदनी चौक, बाजारसाही, राजवाड़ी और कुम्हारसाही होते हुए टुनियाबाड़ी स्थित करबला में संपन्न होगा। शांति समिति की बैठक में सीओ कप्तान सिंकु, एसआई श्यामबाबू राठौर, हाजी अब्दुल गनी, मो. खालिद खान, गोवर्द्धन राउत, मो. इस्लाम, अकबर जिया, मो. माहिर, कोंदो कुम्हार, सुब्रतो सिंहदेव, राज तबरेज समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# एसआईआर को लेकर बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पूर्वी सिंहभूम : भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर टाउन हॉल, सिदगोड़ा एवं आरवीएस स्कूल, डिमना में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राजीव रंजन एवं झारखंड के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम, प्रक्रियाओं एवं पुनरीक्षण कार्य की महत्ता को लेकर जानकरी दी एवं अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।जिला निर्वाचन पदाधिकारी राजीव रंजन ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी कर्मियों को घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करने, निर्धारित प्रपत्रों का सही तरीके से संधारण करने तथा पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने हेतु गंभीरता एवं जिम्मेदारी



के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान प्रत्येक बीएलओ को अपने मतदान क्षेत्र के सभी परिवारों तक पहुंचकर मतदाता विवरण का सत्यापन सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।प्रशिक्षण के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के निर्धारित कार्यक्रम, घर-घर सत्यापन की प्रक्रिया, गणना प्रपत्र भरने की विधि, आवश्यक दस्तावेजों के संकलन, दावे एवं आपत्तियों के निष्पादन, ईसीआईनेट के माध्यम से ऑनलाइन प्रविष्टि तथा मतदाता सूची के शुद्धिकरण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 30 जून 2026 से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इस दौरान मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाए जाएंगे तथा आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने एवं अन्य निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।इस अवसर पर ईआरओ सह एसडीएम धालभूम अर्नव मिश्रा, अपर उपायुक्त अनुराग तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, मास्टर ट्रेनर, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं बीएलओ उपस्थित रहे।

## लातेहार में मुहर्रम पर्व को लेकर लातेहार जिला प्रशासन और पुलिस महकमा मुस्तैद, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को सीधे जेल भेजा जायेगा

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

लातेहर : मुहर्रम पर्व को लेकर लातेहार जिला प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह मुस्तैद हो गया है।जिले में अमन-चैन, सांप्रदायिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए लातेहार पुलिस ने सुरक्षा का एक अभेद्य चाक-चौबंद खाका तैयार किया है।इसी कड़ी में सोमवार को एसपी कार्यालय के सभागार में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के सभी डीएसपी, इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था की बिंदुवार समीक्षा की और स्पष्ट शब्दों में कहा कि पर्व के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में पुलिस कप्तान ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुहर्रम के जुलूस मार्गों का पहले से भौतिक सत्यापन कर लिया जाए।जिन इलाकों में पहले कभी तनाव की स्थिति बनी है, वहां अतिरिक्त पुलिस बल और पैरामिलिट्री की तैनाती की जाएगी। जुलूस के रास्तों और मुख्य चौराहों पर पैनी नजर रखने के लिए तकनीकी मदद ली जाएगी।एसपी ने निर्देश दिया कि जुलूस मार्गों पर यदि किसी भी तरह का अतिक्रमण है, तो उसे तत्काल हटाया जाए ताकि आवागमन सुचारु रहे और ताजिया ले जाने में कोई बाधा न आए।शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लातेहार पुलिस अब थाना स्तर पर लगातार गश्ती अभियान चलाएगी।एसपी ने निर्देश दिया कि क्षेत्र के चिन्हित असामाजिक तत्वों और पूर्व में शांति भंग करने वाले अपराधियों की सूची अपडेट कर उन पर कड़ी निगरानी रखी जाए। जरूरत पड़ने पर निरोधात्मक कार्रवाई भी की जाए।स्थानीय शांति समितियों, जनप्रतिनिधियों, मुखिया और समाज के गणमान्य लोगों के साथ लगातार बैठकें कर समन्वय स्थापित किया जाए।इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में भ्रामक खबरों से निपटने के लिए भी पुलिस ने रणनीति बनाई है।एसपी ने अधिकारियों को हिदायत दी कि वे सोशल मीडिया (फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स आदि) पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ ह्यजीरो टॉलरेंसह्ण की नीति अपनाएं।उन्होंने जनता से भी अपील की कि कई बार भ्रामक सूचनाएं तनाव का कारण बनती हैं, इसलिए किसी भी संदेश, वीडियो या फोटो की सत्यता जांचे बिना उसे आगे न बढ़ाएं। अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर सीधे जेल भेजा जाएगा।

## भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा, उपायुक्त ने लंबित मुआवजा भुगतान में तेजी लाने का दिया निर्देश

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

गढ़वा : उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय में जिला भू-अर्जन शाखा के अंतर्गत चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई. बैठक में एनएच-75 से जुड़ी विभिन्न सड़कों के चौड़ीकरण, सोन-कनहर परियोजना, कांडी वितरणी और उत्तरी कोयल परियोजना सहित कुल 23 प्रमुख परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन रैयतों की भूमि अधिग्रहित की गई है, उन्हें मुआवजा राशि का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर अविलंब सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित मामलों के निष्पादन के लिए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को 15 दिनों के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया।जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार ने जानकारी दी कि जिले में कुल 23 परियोजनाएं संचालित हैं, जिनमें से अधिकांश निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं।कुछ परियोजनाओं में लगभग 10% से 15% काम शेष है, जिसे शीघ्र पूरा करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े सभी अंचल अधिकारियों को उपायुक्त ने निर्देशित किया कि भू-अर्जन से संबंधित एलपीसी और अन्य आवश्यक कागजात प्राथमिकता के आधार पर तैयार करें ताकि विकास कार्यों में विलंब न हो।बैठक में अपर समाहर्ता विकास कुमार राय, विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी (उत्तरी कोयल परियोजना, पलामू), पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और वैपकॉस के प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# तलाक बरकरार, पत्नी को 40 लाख रुपये स्थायी गुजारा भत्ता देने का आदेश

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : झारखंड हाइकोर्ट ने जामताड़ा निवासी राजेश कुमार सिंह व उनकी पत्नी के बीच तलाक को बरकरार रखते हुए पत्नी के पक्ष में 40 लाख रुपये स्थायी गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया है।हाइकोर्ट ने कहा कि पति का यह सर्वोपरि दायित्व है कि वह पत्नी को उस जीवन-स्तर के अनुरूप आर्थिक सुरक्षा प्रदान करे जिसकी वह विवाह के दौरान हकदार था। कोर्ट ने यह भी ध्यान रखा कि पत्नी की कोई स्वतंत्र आय नहीं है।पति निकट भविष्य में सेवानिवृत्त होनेवाले हैं। पति की अपनी आर्थिक जिम्मेदारियां भी हैं। फिर भी पत्नी के भविष्य की सुरक्षा आवश्यक है। ऐसे में उनके जीवन-निर्वाह और वैवाहिक जीवन के दौरान प्राप्त सामाजिक स्तर को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने प्रतिवादी




पति को 40 लाख रुपये एकमुश्त स्थायी गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया।यह राशि 12 महीने के भीतर चार समान किस्तों में देनी होगी।पहली किस्त आदेश की तिथि से एक महीने के भीतर देनी होगी।कोर्ट ने कहा कि राशि नहीं मिलने पर पत्नी कानून के अनुसार उचित न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकती हैं।हाइकोर्ट ने पत्नी की अपील याचिका पर यह फैसला सुनाया।अपीलकर्ता की ओर से अधिवक्ता सदाब बिन हक व अधिवक्ता आर्यमन ने पैरवी की।अधिवक्ता सदाब बिन हक ने बताया कि प्रतिवादी (पति) का विवाह 29 मई 1984 को हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था।दोनों की एक पुत्री है, जिसका विवाह 11 जुलाई 2007 को देवघर के बैद्यनाथ मंदिर में किया गया था।पति का कहना था कि पत्नी शुरू से ही गांव स्थित ससुराल में रहने को इच्छुक नहीं थीं और अक्सर मायके चली जाती थीं। वर्ष 1990 में वह पुत्री के साथ मायके चली गयीं और फिर कभी ससुराल नहीं लौटीं।पति की ओर से कहा गया कि पत्नी को वापस लाने के लिए उसने कई प्रयास किया, लेकिन वह तैयार नहीं हुईं।वर्ष 1992 में पत्नी ने धारा 498ए के तहत मामला दर्ज कराया, जो बाद में समझौते से समाप्त हो गया। वर्ष 2010 में पत्नी ने भरण-पोषण का मुकदमा दायर किया, जिसमें समझौते के तहत पति ने 5,000 रुपये प्रतिमाह देने पर सहमति जतायी। 2013 से वह नियमित रूप से यह राशि उनके खाते में जमा कर रहे हैं। इसके बाद पति ने जामताड़ा फैमिली कोर्ट में आवेदन दायर कर तलाक की मांग की।फैमिली कोर्ट ने एक सितंबर 2022 को तलाक की डिक्री पारित कर दी, जिसे पत्नी ने हाइकोर्ट में अपील दायर चुनौती दी थी।

# डीसी ने तकनीकी विभागों की योजनाओं की समीक्षा की,गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर दिया विशेष जोर

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पलामू : उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंताओं के साथ बैठक कर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने, कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, जल पथ प्रमंडल तथा विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जल पथ प्रमंडल द्वारा संचालित दोनों पाइपलाइन योजनाओं को निर्धारित




समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर मिलना सुनिश्चित किया जाए।समीक्षा के क्रम में विभिन्न क्षेत्रों में निमार्णाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्रों के कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने जिला अभियंता को निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान कई संवेदकों द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को संवेदकों के साथ समन्वय स्थापित कर अविलंब कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि बिना किसी वाजिब कारण के योजनाओं को लंबित रखना स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने सभी विभागों को नियमित अनुश्रवण करने तथा अंतर-विभागीय समन्वय के माध्यम से परियोजनाओं में आ रही बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा।बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सभी अभियंता एवं संबंधित पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों एवं तकनीकी मापदंडों के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा निर्माण कार्यों की नियमित जांच एवं मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने अभियंताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्यों में सामग्री की गुणवत्ता एवं निर्धारित अनुपात का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि जनता को टिकाऊ एवं गुणवत्तापूर्ण परिसंपत्तियां उपलब्ध हो सकें।बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, सहायक समाहर्ता ऋत्विक मेहता सहित विभिन्न तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समाजसेवी की सतर्कता से टला बड़ा हादसा, चलते हाईवा में लगी आग पर पाया गया काबू

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पश्चिमी सिंहभूम : रविवार की देर रात एक बड़ा सड़क हादसा उस समय टल गया, जब आयरन ओर लदा एक हाईवा ओवरब्रिज से गुजरने के दौरान शॉर्ट सर्किट की वजह से आग की चपेट में आ गया। आग की चिंगारियां वाहन के नीचे से निकल रही थीं, लेकिन चालक को इसकी भनक तक नहीं थी।बताया जाता है कि सड़क किनारे अपनी दुकान पर बैठे समाजसेवी रिजवान अंसारी की नजर सामने से गुजर रहे हाईवा पर पड़ी। उन्होंने गाड़ी के नीचे से उठ रही चिंगारियां देखीं और स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत अपनी बाइक से हाईवा का पीछा किया। कुछ दूर जाकर उन्होंने चालक को वाहन में आग लगने की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही चालक ने हाईवा को ओवरब्रिज के ऊपर ही रोक दिया। तब तक आग केबिन तक पहुंच चुकी थी। मौके पर मौजूद लोगों ने चालक के साथ मिलकर तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।हालांकि शॉर्ट सर्किट के कारण हाईवा की कई विद्युत तारें जल गईं, जिससे वाहन ब्रेकडाउन होकर ओवरब्रिज पर ही खड़ा हो गया। घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को भी दी गई।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग का पता नहीं चलता तो हाईवा पूरी तरह जल सकता था और ओवरब्रिज पर बड़ा हादसा हो सकता था। समाजसेवी रिजवान अंसारी की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

खबर लिखे जाने तक आग से प्रभावित हाईवा ओवरब्रिज पर ही खड़ा था।

## भीषण गर्मी में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को राहत दिहलाने के लिये दिये गये कूलिंग जैकेट

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

सिमडेगा : जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच घंटों सड़क पर खड़े होकर यातायात व्यवस्था संभालने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को राहत देने के लिए सिमडेगा पुलिस ने विशेष कूलिंग जैकेट उपलब्ध कराए हैं। एसपी के मार्गदर्शन में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कार्यक्षमता को बेहतर बनाना है। खुले वातावरण में लंबे समय तक ड्यूटी करने के कारण पुलिसकर्मियों को गर्मी से होने वाली शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक कूलिंग जैकेट का उपयोग शुरू किया गया है।जानकारी के अनुसार ये कूलिंग जैकेट शरीर के तापमान को संतुलित रखने में सहायक हैं। जिससे पुलिसकर्मियों को गर्मी से राहत मिलेगी और वे अधिक ऊर्जा एवं दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। साथ ही हीट स्ट्रेस और अत्यधिक तापमान के दुष्प्रभावों को कम करने में भी यह जैकेट उपयोगी साबित होंगे।

## मोहर्रम पर्व को लेकर गुवा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

पश्चिमी सिंहभूम : मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को गुवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता किरीबुरू के विनीत कुमार किंडो ने की। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं मोहर्रम पर्व की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों ने बताया कि गुवा की मस्जिद में मोहर्रम के अवसर पर नमाज अदा की जाती है, लेकिन ताजिया जुलूस नहीं निकाला जाता। इस पर प्रशासन ने आवश्यक जानकारी लेते हुए शांति एवं आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। स्थानीय लोगों ने गुवा बाजार में मुख्य सड़क किनारे चारपहिया वाहनों के खड़े रहने से उत्पन्न होने वाली जाम की समस्या को उठाया। इस पर एसडीपीओ ने आश्वासन दिया कि सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सेल प्रबंधन के सहयोग से आवश्यक कदम उठाने की बात कही। बैठक में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ कड़ी निगरानी रखने, सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्टों पर विशेष नजर रखने तथा दुकानों में बाल श्रम पाए जाने पर बच्चों को मुक्त कर विद्यालय भेजने की कार्रवाई करने का भी निर्णय लिया गया। एसडीपीओ ने कहा कि मोहर्रम का पर्व शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया जाए। उन्होंने लोगों से किसी भी समस्या या शिकायत की सूचना तत्काल पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर देने की अपील की, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।बैठक में नजीर खान, सलीम कुरैशी, मुखिया चांदमनी लागुरी, गीता देवी, ममता देवी, पदमा केसरी, जानों चातर, विश्वजीत तांती, सुमित्रा पूर्ति, हरीश पूर्ति, राकेश कुमार झा, कृष्णा गोप, नरेश चौबे, मोहम्मद असलम सहित गुवा थाना प्रभारी नीतीश कुमार तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

# डीडीयू-प्रयागराज ,दानापुर व पुणे के मध्य एक नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का होगा परिचालन

हाजीपुर(एजेंसी) :यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पुणे और दानापुर के मध्य दिनांक 27.06.2026 से एक नई अमृत भारत साप्ताहिक ट्रेन 11431/11432 पुणे- दानापुर- पुणे अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है । यह नई ट्रेन पुणे से प्रत्येक शनिवार को तथा दानापुर से प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जाएगी ।

इस नई ट्रेन का परिचालन डीडीयू-प्रयागराज छिवकी- जबलपुर- इटा-रसी-भुसावल के रास्ते किया जाएगा । इस नई ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य श्रेणी के 07 कोच, पैंट्रीकार का 01 एवं एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 18 कोच होंगे ।

गाड़ी सं. 11431 पुणे-दानापुर अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 27.06.2026 से प्रत्येक शनिवार को पुणे से 15.25 बजे खुलकर भुसावल-जबलपुर -प्रयागराज छिवकी के रास्ते रविवार को 21.43 बजे डीडीयू, 22.50 बजे बक्सर, 23.38 बजे आरा रुकते हुए सोमवार को 01.30 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 11432 दानापुर-पुणे अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 29.06.2026 से प्रत्येक सोमवार को 03.30 बजे दानापुर से खुलकर 03.56 बजे आरा, 04.50 बजे बक्सर एवं 07.15 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए मंगलवार को 11.05 बजे पुणे पहुंचेगी ।

# निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो होगा आंदोलन : आप



भागलपुर, (एजेंसी) : बिहार में बढ़ते अपराध और कानून व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बिहार सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने भोजपुर में भरत तिवारी के कथित एनकाउंटर मामले पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह एनकाउंटर नहीं बल्कि हत्या है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भरत तिवारी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद भी उन्हें गोली मार दी गई।

राकेश यादव ने कहा कि इस घटना से साफ है कि बिहार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। वहीं बेगूसराय में युवती के साथ हुई घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में हर दिन अपराध बढ़ रहा है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले पर भी उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि पेपर लीक से छात्रों को काफी नुकसान हुआ है। कई छात्र मानसिक तनाव में चले गए ऐसे में केंद्रीय शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। वहीं आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर सत्येंद्र ने कहा कि अगर भरत तिवारी मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो आम आदमी पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

# आज देश और देश की सीमाएं दोनों सु-रक्षित, दुनिया भारत की ताकत को स्वीकार कर रही है: नित्यानन्द राय

पटना,(एजेंसी) : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने रविवार को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित अति पिछड़ा सम्मेलन में भाग लेते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास के भागीरथ, गरीबों के मसीहा और सामाजिक न्याय के सच्चे वाहक हैं। उनकी सरकार की योजनाओं का केंद्रबिंदु समाज के गरीब, वंचित, पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग हैं।सम्मेलन को संबोधित करते हुए नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और सामाजिक सशक्तिकरण के नए मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में गरीब, गरीब का सम्मान और गरीबों के अधिकार तीनों सुरक्षित हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे गरीब और वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है कि एक पिछड़े समाज का बेटा देश का प्रधानमंत्री बना और उसने अपने कार्यों के माध्यम से भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है और अति पिछड़ा समाज को सम्मान तथा अवसर प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।देश की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लेख करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा कि आज भारत की स्थिति पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि देश और देश की सीमाएं दोनों सुरक्षित हैं। भारत अब विश्व मंच पर निर्णायक भूमिका निभा रहा है और वैश्विक स्तर पर होने वाले महत्वपूर्ण निर्णयों में भारत की भागीदारी और नेतृत्व को स्वीकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है और दुनिया भारत की ताकत को सम्मान की दृष्टि से देख रही है।

# बोरे में बंद अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी, घटना की छानबीन में जुटी पुलिस

भागलपुर, (एजेंसी) :। जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के अब्जूगंज हॉल्ट से दक्षिण मिरहट्टी पंचायत जाने वाली सड़क पर सोमवार को पुलिस ने बोरे में बंद एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया है।

सुबह -सुबह स्थानीय लोगों की नजर सड़क किनारे पड़े बोरे से बाहर निकले एक पैर पर पड़ी तो लोगों के होश उड़ गए। यह दृश्य देखते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और घटना की सूचना लोगों ने तुरंत डायल 112 पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जानकारी सुलतानगंज थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार को दी। इसके बाद थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने और मौत के कारणों का पता लगाने फॉरेंसिक टीम को बुलाया। प्रारंभिक तौर पर मामला हत्या से जोड़कर भी देखा जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी का माहौल है और लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

घटना की सूचना पर विधि व्यवस्था डीएसपी नवनीत कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटना की हरेक बिंदुओं पर गहन जांच पड़ताल किया। इस मामले को लेकर विधि व्यवस्था डीएसपी नवनीत कुमार ने बताया कि घटना के कारण का पता लगाया जा रहा है।

क्षेत्र के हरेक जगह पर लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाला जा रहा है। शव की पहचान के लिए आसपास थाना क्षेत्र में पता लगाया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास के भागीरथ और गरीबों के मसीहा हैं-नित्यानंद राय

### अति पिछड़ा समाज मोदी सरकार की योजनाओं का केंद्रबिंदु- केंद्रीय गृह राज्य मंत्री

### आज देश और देश की सीमाएं दोनों सु-रक्षित, दुनिया भारत की ताकत को स्वीकार कर रही है- नित्यानन्द राय

### पिछड़े समाज का बेटा प्रधानमंत्री बनकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले गया- नित्यानंद राय



पटना,(एजेंसी) : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित अति पिछड़ा सम्मेलन में भाग लेते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास के भागीरथ, गरीबों के मसीहा और सामाजिक न्याय के सच्चे वाहक हैं। उनकी सरकार की योजनाओं का केंद्रबिंदु समाज के गरीब, वंचित, पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग हैं।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और सामाजिक सशक्तिकरण के नए मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में गरीब, गरीब का सम्मान और गरीबों के अधिकार तीनों सुरक्षित हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे गरीब और वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है कि एक पिछड़े समाज का बेटा देश का प्रधानमंत्री बना और उसने अपने कार्यों के माध्यम से भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है और अति पिछड़ा समाज को सम्मान तथा अवसर प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। देश की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लेख करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा कि आज भारत की स्थिति पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि देश और देश की सीमाएं दोनों सुरक्षित हैं। भारत अब विश्व मंच पर निर्णायक भूमिका निभा रहा है और वैश्विक स्तर पर होने वाले महत्वपूर्ण निर्णयों में भारत की भागीदारी और नेतृत्व को स्वीकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है और दुनिया भारत की ताकत को सम्मान की दृष्टि से देख रही है।

# विदाई समारोह में भावुक हुए सीटी एसपी शैलेंद्र सिंह




भागलपुर, (एजेंसी) : भागलपुर के सिटी एसपी (सीटी एसपी) शैलेंद्र कुमार सिंह के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में सोमवार को आयोजित विदाई समारोह भावुक माहौल में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर शैलेंद्र सिंह ने भागलपुर में बिताए अपने कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्हें बिल्कुल उम्मीद नहीं थी कि मात्र पांच महीने के भीतर उनका तबादला हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि उन्होंने 14 जनवरी को भागलपुर में पदभार ग्रहण किया था और इतने कम समय में यहां से विदा लेना उनके लिए भावुक क्षण है। विदाई समा-रोह को संबोधित करते हुए शैलेंद्र सिंह ने कहा, भागलपुर ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। यहां काम करने का अनुभव बेहद अच्छा रहा। यहां के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और सहयोगियों से लगातार सीखने का अवसर मिला। भागलपुर का कार्य वातावरण और टीम भावना काफी बेहतर है।

उन्होंने कहा कि भागलपुर में अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग की भावना देखने को मिली, जिससे प्रशासनिक और पुलिस कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद मिली।

उन्होंने विश्वास जताया कि जहां भी उनकी अगली तैनाती होगी, वहां भी वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। विदाई समारोह में डीआईजी, वरीय पुलिस अधीक्षक, नवगछिया के पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने शैलेंद्र सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान कई अधिकारी भावुक भी नजर आए। वहीं शैलेंद्र सिंह ने भागलपुरवासियों और अपने सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां की यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी और भागलपुर उनके जीवन एवं करियर का एक महत्वपूर्ण अध्याय बनकर रहेगा।

# सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत लगभग 20 मामलों की हुई सुनवाई



भागलपुर, 22 जून (हि.स.)।बिहार सरकार की 7 निश्चय-3 बढ़ेगा अपना बिहार योजना के अंतर्गत संचालित सबका सम्मानझजीवन आसान कार्यक्रम के तहत सोमवार को समीक्षा भवन में आम जनों की समस्याओं की सुनवाई की गई।सुनवाई की अध्यक्षता जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने की। कार्यक्रम के दौरान लगभग 20 आवेदनों पर सुनवाई की गई, जिनमें मुख्य रूप से लंबित पेंशन, भूमि विवाद एवं अन्य जनसमस्याओं से संबंधित मामले शामिल थे।डीएम ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला, प्रखंड, अंचल, थाना एवं अन्य विभागीय कार्यालयों में भी सबका सम्मानझजीवन आसान कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनके समाधान की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम के तहत प्राप्त सभी शिकायतों का विधिवत पंजीकरण किया गया एवं आवेदकों को प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराई गई।

साथ ही आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठने की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई थीं। जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सुशासन की भावना को मजबूत करने की दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है।

# आईपका की बैठक में कोचिंग निबंधन और प्रतिभा सम्मान समारोह का निर्णय

अररिया (एजेंसी) : ऑल इंडिया प्राइवेट कोचिंग एसोसिएशन बिहार इकाई की बैठक फारबिसगंज स्थित रुंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के बैठक कक्ष में सोमवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आईपका अध्यक्ष एवं राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित राशिद जुनैद ने की।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले के कोचिंग संस्थान आगामी 29 जून को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में निबंधन हेतु आवेदन देंगे। साथ ही आइपका की ओर से निबंधन प्रक्रिया जल्द प्रारंभ करने हेतु एक संयुक्त ज्ञापन भी शिक्षा विभाग को सौंपा जाएगा। बैठक में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन 19 जुलाई को किए जाने पर सहमति बनी। जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों के लगभग 150 कोचिंग संस्थानों के 500 छात्र छात्राओं को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया। जिसके तहत दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों के अलावा कला, खेल, कराटे, संगीत, नृत्य एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# अपराधियों की अवैध संपत्ति पर चलेगा बुलडोजर, किशनगंज पुलिस ने तेज की कार्रवाई

किशनगंज, (एजेंसी) : जिले में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने के लिए किशनगंज पुलिस ने नई रणनीति के तहत कार्रवाई तेज कर दी है।पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वाले बदमाशों की पहचान कर उनकी संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, पूर्व में चार आरोपियों के विरुद्ध अवैध संपत्ति अर्जित करने के मामले में कार्रवाई का प्रस्ताव तैयार किया गया था। अब इस संबंध में सभी थानाध्यक्षों को न्यायालय में प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। न्यायालय से अनुमति प्राप्त होने के बाद संबंधित आरोपियों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, इस प्रक्रिया के तहत आरोपियों से उनकी अर्जित संपत्ति के स्रोत के बारे में जानकारी मांगी जाती है। यदि वे संपत्ति के वैध स्रोत का संतोषजनक प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, तो न्यायालय के आदेश के बाद संपत्ति जब्त की जा सकती है। एसपी संतोष कुमार की पहल पर जिले में पुलिसिंग को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कई स्तरों पर कार्रवाई चल रही है। एक ओर लापरवाह पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध निलंबन की का-र्रवाई जारी है, वहीं दूसरी ओर अपराधियों की आर्थिक कमर तोड़ने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।पुलिस लगातार ऐसे लोगों को चिह्नित कर रही है, जिन्होंने आपराधिक गतिविधियों के जरिए अवैध संपत्ति अर्जित की है। इसके लिए सभी थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूची तैयार करने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस कार्रवाई से अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी और जिले में कानून-व्यवस्था और मजबूत होगी।

# भाजपा ने गरीब, वंचित और अति पिछड़े समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया : डॉ. प्रमोद चंद्रवंशी

### -पटना में अति पिछड़ा सम्मेलन का भव्य आयोजन, बड़ी संख्या में जुटे समाज के लोग

पटना, (एजेंसी) :राजधानी पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित अभिनंदन सह आभार समारोह एवं अति पिछड़ा सम्मेलन में बिहार सरकार के खान, भूतत्व एवं कला-संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने कार्यों के माध्यम से यह सिद्ध कर दिया है कि गरीब, वंचित, पिछड़े और अति पिछड़े समाज के उत्थान के लिए सबसे अधिक प्रतिबद्ध राजनीतिक दल भाजपा है।




सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. चंद्रवंशी ने कहा कि वर्षों तक कुछ राजनीतिक दलों ने यह धारणा बनाने का प्रयास किया कि भाजपा केवल बड़े और संपन्न वर्गों की पार्टी है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने इस मिथक को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की योजनाओं का लाभ समाज के उन वर्गों तक पहुंच रहा है, जो लंबे समय तक विकास की प्रक्रिया से वंचित रहे थे।

मंत्री ने कहा कि देश ने पहली बार ऐसे प्रधानमंत्री को देखा है, जो एक साधारण और गरीब परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद तक पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता संभालने के बाद गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण को अपनी सरकार की प्राथमिकता बनाया। इसी सोच का परिणाम है कि केंद्र सरकार की अनेक योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है।

डॉ. चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों के बैंक खाते खोले गए, जिससे उन्हें देश की औपचारिक आर्थिक व्यवस्था से जोड़ा गया। इससे न केवल वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को रसोई के धुएं से मुक्ति दिलाई गई, जिससे उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार आया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बिजली, आवास, स्वच्छता और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया है। हर घर बिजली पहुंचाने की पहल, करोड़ों शौचालयों का निर्माण और गरीबों के लिए आवास उपलब्ध कराने जैसी योजनाओं ने देश के सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में व्यापक परिवर्तन लाया है। इन योजनाओं का सबसे अधिक लाभ अति पिछड़े, पिछड़े, दलित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मिला है।

मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने विकास को केवल राजनीतिक नारा नहीं रहने दिया, बल्कि उसे धरातल पर उतारकर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया है। यही कारण है कि आज समाज का हर वर्ग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास जता रहा है और देश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है।

डॉ. चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में जननायक कपूर्री ठाकुर का उल्लेख करते हुए कहा कि जिन लोगों ने वर्षों तक उनके नाम पर राजनीति की, उन्होंने उन्हें वह सम्मान नहीं दिया जिसके वे वास्तविक हकदार थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार ने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देकर न केवल एक महान समाजवादी नेता का सम्मान किया, बल्कि करोड़ों गरीब, पिछड़े और वंचित लोगों के आत्मसम्मान को भी नई पहचान दी है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (ओबीसी आयोग) को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़ा समाज को मजबूत आधार प्रदान किया है। यह निर्णय सामाजिक न्याय और समान अवसर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित कर उनके विचारों और योगदान को स्थायी सम्मान देने का कार्य किया गया है। इससे नई पीढ़ी को संविधान निमार्ता के जीवन और संघर्षों से प्रेरणा लेने का अवसर मिल रहा है।

सम्मेलन में वक्ताओं ने अति पिछड़ा समाज की राजनीतिक भागी-दारी, सामाजिक सशक्तिकरण, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बढ़ती भूमिका पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने सामाजिक एकता, विकास और समावेशी राजनीति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री राजभूषण निषाद, सांसद राधामोहन सिंह, सांसद प्रदीप सिंह, राज्यसभा सांसद शंभूशरण पटेल, राज्यसभा सांसद धर्मशीला देवी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रमा निषाद, आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रामचंद्र प्रसाद सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सम्मेलन में अति पिछड़ा समाज के लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली, जिससे कार्यक्रम को व्यापक सामाजिक समर्थन प्राप्त हुआ।

## संपादकीय

# कीर का इस्तीफा: वैश्विक राजनीति में दिखेगा असर

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का प्रधानमंत्री और लेबर पार्टी के नेता पद से इस्तीफा केवल ब्रिटिश राजनीति की एक महत्वपूर्ण घटना नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव वैश्विक राजनीति और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर भी पड़ सकता है। किसी सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री का यह स्वीकार करना कि उनकी पार्टी को अब उनके नेतृत्व पर पर्याप्त भरोसा नहीं है, आधुनिक संसदीय लोकतंत्र में राजनीतिक जवाबदेही का एक उल्लेखनीय उदाहरण माना जा रहा है। दरअसल स्टार्मर ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि लेबर पार्टी को यह विश्वास नहीं है कि वह अगले आम चुनाव में पार्टी का सफल नेतृत्व कर पाएंगे। उन्होंने नए नेता के चयन तक पद पर बने रहने और अपने उत्तराधिकारी को पूरा सहयोग देने की बात कही। इस प्रकार सत्ता हस्तांतरण की संस्थागत प्रक्रिया को प्राथमिकता दी गई। इससे विश्व के उन तमाम नेताओं को सबक लेने की आवश्यकता है, जो गंभीर आरोप और विरोध प्रदर्शनों के बावजूद पद पर बने तो हैं लेकिन जनता का विश्वास खो चुके हैं। जहां तक पीएम कीर का सवाल है तो यह इस्तीफा एपस्टीन फाइल्स में नाम आने के बाद भारी दबाव के चलते दिया गया है। इससे पहले एपस्टीन में नाम आने के चलते दुनियां भर के राजनीतिक, कार्पोरेट और शैक्षणिक संस्थानों में बड़े पैमाने पर इस्तीफे और गिरफ्तारियां हुई हैं। अनेक प्रभावी नेता अपने पद से इस्तीफा देकर हाशिये पर जा चुके हैं। इस्तीफे से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह दावा किया था कि कीर अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं, कुछ समय बाद ही उनका इस्तीफा सामने आ गया। एपस्टीन फाइल्स में खुद ट्रंप का नाम भी है और उन पर भी अमेरिका में अच्छा खासा दबाव बना हुआ है। यही नहीं भारत के केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ ही भारतीय उद्योगपति अनिल अंबानी और निवेशक रवि मंथा का नाम का भी जिक्र हुआ है। इसके बाद विरोधियों ने इनके इस्तीफे की मांग की। यही नहीं अमेरिकी दस्तावेजों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम भी चर्चा में रहा है। ब्रिटेन में पिछले कुछ महीनों में लेबर पार्टी के भीतर उनके नेतृत्व को लेकर असंतोष बढ़ रहा था। स्थानीय चुनावों में पार्टी के कमजोर प्रदर्शन, गिरती लोकप्रियता और कई सांसदों की सार्वजनिक आलोचना ने उनके ऊपर राजनीतिक दबाव बढ़ाया। संसदीय लोकतंत्रों में नेतृत्व परिवर्तन प्रायः इसी प्रकार पार्टी के भीतर समर्थन और विश्वास की स्थिति पर निर्भर करता है।

काम की समाप्ति संतोषप्रद हो तो परिश्रम की थकान याद नहीं रहती।

: कालिदास

कीरति भनिति भूति भलि सो, सुरसरि सम सबकँह हित होई?

: तुलसीदास

# राष्ट्रवाद, एकात्मता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रणेता : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी

यह सत्य है कि कुछ महापुरुष कुछ समय के लिए पृथ्वी अवतरित होकर इस जग के लिए महान कार्य कर कालजयी हो जाते हैं ऐसे ही एक महापुरुष हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हुए जिनकी आज २३ जून २०२६ को पुण्यतिथि है। हम श्री मुखर्जी को एक राजनीतिक घटना से ही याद नहीं करते वरन उनके महान कार्यों के लिए उन्हें याद करेंगे। भारतीय जनसंघ के गठन से उनकी विरासत सदा सदा के लिए अमर हो गई। 23 जून भारतीय राजनीति और राष्ट्र जीवन में एक महत्वपूर्ण तिथि है। इसी दिन देश के प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद्, स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री तथा भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई जाती है। वर्ष 1953 में रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हुआ, किंतु उनके विचार, संघर्ष और राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण आज भी भारतीय राजनीति और समाज को प्रेरित करते हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने का उदाहरण रहा। वे मात्र 33 वर्ष की आयु में यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता के सबसे युवा कुलपति बने। शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रवाद के क्षेत्र में उनका योगदान असाधारण रहा। स्वतंत्रता के बाद वे देश की पहली केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल हुए, लेकिन राष्ट्रीय हितों से जुड़े मुद्दों पर मतभेद होने के कारण उन्होंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना उचित समझा। यह उनके सिद्धांतवादी व्यक्तित्व का प्रमाण था। डॉ. मुखर्जी का सबसे बड़ा राजनीतिक संघर्ष जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे के विरुद्ध था। उनका प्रसिद्ध नारा–एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे–राष्ट्रीय एकता की उनकी सोच को दर्शाता है। उनका मानना था कि भारत की संप्रभुता और अखंडता सर्वोपरि है तथा किसी भी राज्य के लिए अलग संवैधानिक व्यवस्था दीर्घकाल में राष्ट्रीय हितों के अनुकूल नहीं हो सकती।

भारतीय जनसंघ के गठन से अमर हुई विरासत वर्ष 1951 में उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जिसने आगे चलकर भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। आज की भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक जड़ें भारतीय जनसंघ में ही देखी जाती हैं। संगठन निर्माण, वैचारिक स्पष्टता और लोकतांत्रिक संघर्ष की जो परंपरा उन्होंने स्थापित की, वह आज भी भारतीय राजनीति में प्रभावी दिखाई देती है। हालांकि डॉ. मुखर्जी के विचारों और नीतियों पर समय-समय पर मतभेद भी रहे हैं। लोकतंत्र की यही विशेषता है कि विभिन्न विचारधाराएं अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करती हैं और जनता उनके आधार पर निर्णय लेती है। लेकिन यह निर्विवाद है कि उन्होंने राष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी बात निर्भीकता से रखी और सिद्धांतों के लिए राजनीतिक जोखिम उठाने से कभी पीछे नहीं हटे। आज जब देश अनेक सामाजिक, राजनीतिक और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि हमें यह संदेश देती है कि राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों, वैचारिक प्रतिबद्धता और सार्वजनिक जीवन में नैतिकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा और राष्ट्र निर्माण का साधन है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि केवल एक महान नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर नहीं है, बल्कि उनके आदर्शों और विचारों पर गंभीर चिंतन का भी समय है। राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक आत्मविश्वास, लोकतांत्रिक मूल्यों और सिद्धांतनिष्ठ राजनीति के प्रति उनका योगदान भारतीय इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। राष्ट्र उनके प्रति कृतज्ञ है और आने वाली पीढ़ियां उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त करती रहेंगी।21 अक्टूबर 1951 का दिन भारतीय राजनीति के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है। इसी दिन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखजीर्के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। यह केवल एक नई राजनीतिक पार्टी का गठन नहीं था, बल्कि स्वतंत्र भारत में वैचारिक राजनीति के एक नए अध्याय की शुरूआत थी। डॉ. मुखर्जी एक प्रखर राष्ट्रवादी, शिक्षाविद् और दूरदर्शी राजनेता थे। उन्होंने उस समय की सत्ता की नीतियों से वैचारिक मतभेद होने पर सिद्धांतों से समझौता करने के बजाय एक नए राजनीतिक विकल्प की स्थापना का मार्ग चुना। भारतीय जनसंघ का उद्देश्य राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक अस्मिता, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को केंद्र में रखकर राजनीति करना था। 21 अक्टूबर 1951 को स्थापित भारतीय जनसंघ ने धीरे-धीरे देश की राजनीति में अपनी मजबूत पहचान बनाई। डॉ. मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देकर राष्ट्रीय एकीकरण का संदेश दिया। जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे के विरोध में उनका संघर्ष आज भी याद किया जाता है। यद्यपि 1953 में उनका निधन हो गया, लेकिन उनके विचार और राजनीतिक दृष्टि जीवित रहे। जनसंघ आगे चलकर 1977 में जनता पार्टी का हिस्सा बना और 1980 में भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ। आज देश की राजनीति में जिस वैचारिक धारा का व्यापक प्रभाव दिखाई देता है, उसकी नींव डॉ. मुखर्जी ने ही रखी थी। इस प्रकार कहा जा सकता है कि 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना करके डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय राजनीति को एक स्थायी वैचारिक दिशा दी और स्वयं को इतिहास में कालजयी बना लिया। उनका जीवन राष्ट्रहित, सिद्धांतनिष्ठा और जनसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण है।

एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे: एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे केवल एक राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और संवैधानिक समानता का प्रबल उद्घोष था। यह उद्घोष भारत के महान राष्ट्रवादी नेता डॉ. मुखर्जी ने उस समय दिया था, जब जम्मू-कश्मीर को विशेष संवैधानिक प्रावधानों के तहत अलग दर्जा प्राप्त था। आज उनकी पुण्यतिथि पर यह नारा भारतीय राजनीति और राष्ट्रवाद के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में स्मरण किया जाता है। स्वतंत्रता के बाद जम्मू-कश्मीर में अलग संविधान, अलग झंडा और अलग प्रधानमंत्री (वजीर-ए-आजम) की व्यवस्था थी। डॉ. मुखर्जी का मानना था कि यह व्यवस्था भारत की राष्ट्रीय एकता की भावना के विपरीत है। उनका तर्क था कि यदि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, तो वहां के नागरिकों को भी वही संवैधानिक व्यवस्था प्राप्त होनी चाहिए जो देश के अन्य राज्यों में लागू है।इसी विचार को लेकर उन्होंने 1953 में जम्मू-कश्मीर में प्रवेश किया। उस समय राज्य में प्रवेश के लिए परमिट की आवश्यकता होती थी। डॉ. मुखर्जी ने इसका विरोध करते हुए बिना परमिट जम्मू-कश्मीर जाने का निर्णय लिया। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और हिरासत के दौरान 23 जून 1953 को उनकी रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर दिया और उन्हें राष्ट्रीय एकता के लिए बलिदान देने वाले नेता के रूप में स्थापित कर दिया।

डॉ. मुखर्जी के इस आंदोलन ने भारतीय राजनीति को गहराई से प्रभावित किया। उनके द्वारा स्थापित भारतीय जनता पार्टी ने इस मुद्दे को लंबे समय तक जीवित रखा। बाद में यही विचारधारा भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख संकल्पों में शामिल रही। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने के निर्णय को अनेक लोग डॉ. मुखर्जी के सपने की पूर्ति के रूप में देखते हैं।हालांकि इस विषय पर राजनीतिक मतभेद भी रहे हैं। कुछ लोगों का मानना था कि विशेष दर्जा जम्मू-कश्मीर की विशिष्ट परिस्थितियों और पहचान की रक्षा के लिए आवश्यक था। लोकतंत्र में विभिन्न दृष्टिकोणों का सम्मान होना चाहिए, लेकिन यह भी सत्य है कि राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक समानता का प्रश्न सदैव महत्वपूर्ण बना रहेगा।आज जब भारत एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का यह नारा और भी प्रासंगिक प्रतीत होता है। यह केवल राजनीतिक विचार नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, समान अधिकारों और अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। डॉ. मुखर्जी का जीवन हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक व्यवस्था के प्रति निष्ठा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने का सर्वोत्तम तरीका यही है कि हम भारत की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक आदर्शों को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लें।

सौरभ वार्ष्णेय

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## सूडोकु नवताल- 7551

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7550 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## दैनिक पंचांग

23 जून को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




मंगलवार 2026 वर्ष का 174 वा दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु वर्षा।
विक्रम संवत् 2083
शक संवत् 1948
मास ज्येष्ठ पक्ष शुक्ल
तिथि नवमी 16.40 बजे को समाप्त।
नक्षत्र हस्त 11.54 बजे को समाप्त।
योग वरीयान 10.14 बजे को समाप्त।
करण कौलव 16.40 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 7.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 23° 26'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872749
जूलियन दिन 2461214.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना मोहर्रम
तारीख 07
विशेष महेश नवमी।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 07.01 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | सिंह | 09.17 बजे से |
| मंगल | वृष में | कन्या | 11.29 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 13.40 बजे से |
| गुरु | कर्क में | वृश्चिक | 15.55 ब.से |
| शुक्र | कर्क में | धनु | 18.11 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 20.16 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 22.02 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.35 बजे से |
| | | मेष | 01.06 बजे से |
| | | वृष | 02.46 बजे से |
| | | मिथुन | 04.44 बजे से |

राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

# सिनेमा के माध्यम से बदलती दुनिया का सृजनात्मक दस्तावेज

मुम्बई आईएफएफ-2026 मे पोलैंड की सिल्वर ने जीता गोल्डन कॉन्च,भारत की फिल्मों ने भी छोड़ी गहरी छाप

मुम्बई में आयोजित 19वें मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का भव्य समापन केवल एक फिल्म समारोह का अंत नहीं,बल्कि सिनेमा की उस वैश्विक यात्रा का उत्सव था जो सभी सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों से परे मानव अनुभवों को जोड़ती है। इस फिल्म समारोह में वृत्तचित्र,लघु कथा और एनीमेशन फिल्मों को समर्पित यह प्रतिष्ठित महोत्सव एक बार फिर सिद्ध कर गया कि गैर-फीचर सिनेमा समाज के बदलते यथार्थ का सबसे सशक्त दस्तावेज है।समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा थे।उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों में एम आई एफ एफ एक राष्ट्रीय आयोजन से विकसित होकर वैश्विक रचनात्मक आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किए गए ह्यहअश्एरह्ल शिखर सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि ह्लउर्शेश्े ल्ल क्ल्र्, उर्शेश्े ङ्क्ष१ श्ॅ हङ्क्ष१'ह्वि आज भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था का नया मंत्र बन चुका है।राज्यपाल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार उपयोग और फिल्मकारों की बौद्धिक संपदा की सुरक्षा पर भी विशेष बल दिया।इस वर्ष एम आई एफ एफ को दुनिया भर से1459 फिल्मों की प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं,जो इसकी बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा का प्रमाण है।प्रतियोगिता खंड में13 देशों की144 फिल्मों का चयन किया गया,जबकि गैर- प्रतियोगिता खंड में 46 देशों की 202 फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। कुल मिलाकर 83 घंटे से अधिक की स्क्रीनिंग और 24 विशेष क्यूरेटेड श्रेणियों ने महोत्सव को विश्व स्तरीय आयाम प्रदान किया।

पुरस्कारों की दृष्टि से एम आई एफ एफ-2026 अनेक यादगार उपलब्धियों का साक्षी बना।अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र फिल्म का प्रतिष्ठित गोल्डन कॉन्च पुरस्कार पोलैंड की फिल्म ह्यसिल्वरह्ल को प्रदान किया गया।निर्देशक नतालिया कोनियार्ज और निमार्ता मैचेज कुबिकी की इस फिल्म ने मानवीय संवेदनाओं और यथार्थपरक प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया।अंतरराष्ट्रीय लघु कथा फिल्म श्रेणी में ईरान की ह्यअंडर द स्नोह्ल को सिल्वर कॉन्च से सम्मानित किया गया,जबकि जर्मनी की एनीमेशन फिल्म ह्यमायाज सॉन्गह्ल ने सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय एनीमेशन




फिल्म का पुरस्कार प्राप्त किया। इन फिल्मों ने यह सिद्ध किया कि सीमित अवधि में भी गहरे मानवीय अनुभवों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जा सकता है।भारतीय फिल्मों ने भी अपनी रचनात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।तमिल एनीमेशन फिल्मह्यआर्मस्ट्रॉन्ग फ्रॉम अंगालम्मन टेम्पल स्ट्रीटह्ल को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ एनीमेशन फिल्म का सिल्वर कॉन्च मिला। एफटीआईआई निर्मित लघु कथा फिल्म ह्यस्मॉल क्लाउड्सह्ल ने सर्वश्रेष्ठ भारतीय लघु कथा फिल्म का सम्मान प्राप्त किया,जबकि निर्देशक साईनाथ एस.उस्काइकर की वृत्तचित्र फिल्म ह्यवाआईह्ल को सर्वश्रेष्ठ भारतीय वृत्तचित्र फिल्म का पुरस्कार मिला।तकनीकी श्रेणियों में भी भारतीय प्रतिभाओं का दबदबा दिखाई दिया।ह्यटर्टल वॉकरह्ल के लिए कृष्ण माखीजा को सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटो ग्राफर का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिला।ह्यदेवा आज पन व्हायह्ल के लिए अभय रुमडे को सर्वश्रेष्ठ साउंड डिजाइन का सम्मान प्रदान किया गया।राष्ट्रीय श्रेणी में रणधीर बिस्वास को ह्यस्मॉल क्लाउड्सह्ल के लिए सिनेमेटोग्राफी तथा अखिल कृष्णन को ह्यमे-डेह्ल के लिए संपादन पुरस्कार मिला।विशेष पुरस्कारों में ताइवान की फिल्म ह्यद होर्डर्सह्ल को प्रमोद पाटी विशेष जूरी पुरस्कार प्रदान किया गया।अंतरराष्ट्रीय फिल्म समीक्षकसंघ(एफआईपीआरईएससी आई)का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदीप केंचनुरु की फिल्म ह्यद हग ऑफ एम्प्टिनेसह्ल को मिला।छात्र वर्ग में मिलन कुमार की फिल्म ह्यद ओल्ड बुल नोज,ऑर वन्स न्यूह्ल को सम्मानित किया गया,जबकि दादासाहेब फाल्के चित्रनगरी सर्वश्रेष्ठ डेब्यू निर्देशक पुरस्कार पूजा टोलानी को उनकी फिल्म ह्यराजाह्ल के लिए दिया गया।एम आई एफ एफ 2026 की एक विशेष उपलब्धि इसकी विषयगत विविधता रही।पर्यावरण,सामाजिक न्याय, लैंगिक समानता,सांस्कृतिक विरासत,आदिवासी जीवन, मानवीय संघर्ष और बदलती तकनीकी दुनिया जैसे विषयों पर आधारित फिल्मों ने दर्शकों को गंभीर चिंतन का अवसर प्रदान किया। इस वर्ष ह्यएँङ्की२ ।१ङ्क्षे ठङ्क्ष१३ँ एं२३ह्ल और मराठी फिल्मस ह्ल जैसी नई श्रेणियों को शामिल कर क्षेत्रीय कथाओं को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान किया गया।

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम(एन एफ डी सी)के प्रबंध निदेशक प्रकाश मगदूम ने सही कहा कि सबसे प्रभावशाली सत्य हमेशा सबसे बड़े पर्दों पर नहीं,बल्कि सबसे ईमानदार फ्रेमों में दिखाई देते हैं। यही एम आई एफ एफ की मूल आत्मा भी है।वृत्तचित्र,लघु कथा और एनीमेशन फिल्में केवल मनोरंजन नहीं करतीं,बल्कि समाज को स्वयं से संवाद करने का अवसर देती हैं।आज जब व्यावसायिक सिनेमा अक्सर बाजार की अपेक्षाओं से संचालित होता है,तब एम आई एफ एफ जैसे मंच सिनेमा की बौद्धिक और सामाजिक भूमिका को जीवित रखते हैं।यह महोत्सव बताता है कि कैमरा केवल दृश्य रिकॉर्ड नहीं करता,वह इतिहास को संरक्षित करता है,प्रश्न पूछता है,संवेदनाएँ जगाता है और परिवर्तन की चेतना को जन्म देता है।एम आई एफ एफ-2026 का परदा भले ही गिर गया हो,लेकिन इसकी फिल्मों में उठाए गए प्रश्न, प्रस्तुत किए गए विचार और रचनात्मक अभिव्यक्तियाँ लंबे समय तक दर्शकों के मन-मस्तिष्क में जीवित रहेंगी।यही किसी भी महान फिल्म महोत्सव की सबसे बड़ी सफलता होती है।अब सिनेमा प्रेमियों की निगाहें अगले अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों और वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले एम आई एफ एफ के अगले संस्करण पर टिक गई हैं,जहाँ दुनिया भर के कहानी कार फिर एक बार अपनी संवेदनाओं और सपनों के साथ उपस्थित होंगे।

विनोद कुमार सिंह तकियावाला

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# आधा-अधूरा ज्ञान और त्वरित फैसलों का खतरा:धैर्य,सोच और अनुभव की शक्ति को समझना अत्यंत जरूरी

मानव के व्यावहारिक जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती है जहां उस विशेष अनियोजित परिस्थितियों में अचानक ही निर्णय लेने की जरूरत होती है बस!यही वह समय होता है जब अपनी बुद्धि कौशलता के साथ हमें बड़े बुजुर्गों द्वारा कही गई कहावतों, मुहावरों, विचारों को रेखांकित करने की अत्यंत तात्कालिक जरूरत होती है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से, मेरा मानना है कि उससे हमें अति उच्च गुणवत्ता का सकारात्मक निर्णय लेने में आसानी होती है,जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम होते हैं और उन परिस्थितियों में पढ़ने वाले विपरीत नुकसान, दुष्परिणामों से बचा जा सकता है जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम निकलते हैं और हम उसका श्रेय बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद के रूप में ले सकते हैं।

साथियों बात अगर हम व्यवहारक जीवन में निर्णय लेने की करें तो यह दो प्रकार का हो सकता है नियोजित और अनियोजित निर्णय, ऐसे निर्णय जो किसी परिस्थिति विशेष पर अकस्मात लेने पड़ते हैं जिसके लिए कोई पूर्व योजना नहीं होती है अनियोजित निर्णय कहलाते हैं। इसके विपरीत ऐसे निर्णय जो किसी पूर्व योजना पर आधारित होते हैं, नियोजित निर्णय कहलाते हैं। नियोजित निर्णय ठोस तथ्यों पर आधारित होते हैं क्योंकि यह पूर्व निर्धारित योजना पर आधारित होते हैं।

साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों की कहावतों की करें तो, कहावत उस छोटे से वाक्य या लाइन को कहा जाता है जिसके माध्यम से बड़ी-बड़ी बातें कह दी जाती है। गाँव, घर में अक्सर बड़े-बुजुर्गों के द्वारा बहुत सारी कहावतें सुनने को मिलती है। इन कहावतों को स्कूल में नही पढाया जाता है, इसे ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बोलने में प्रयोग करते है। बहुत सारी ऐसी कहावतें होती है जो घर की महिलाओं के द्वारा प्रयोग की जाती है, कई बार गाँव में बड़े बुजुर्गों की कहावत का अर्थ तो पढ़े लिखे लोग भी नहीं निकाल पाते है, और शर्म में हाँ में हाँ मिलाकर आगे बढ़ जाते है।

साथियों बात अगर हम तुरंत निर्णय लेने वाली परिस्थितियों की करें तो, मानव जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां आती है जब मनुष्य समझ नहीं पाता कि उसे किस तरह उस परिस्थिति का सामना करना है । परिस्थितिवश उत्पन्न स्थिति स्वयं में इतनी उलझी होती है की अगर सूझ बूझ और दूर दृष्टि का सहारा न लिया जाये तो निर्णय गलत होने की पूरी सम्भावना रहती है ।अनेको बार छोटी छोटी बातें हमें नकारात्मक गहराई तक प्रभावित करती हैं । ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर बेहतर तो यह है की हम शांति और धैर्य से उस परिस्थिति का विश्लेषण करें तथा उस स्थिति के पक्ष विपक्ष दोनों के बारे में सोंचे क्योंकि प्रत्येक स्थिति के दो पहलू होते है , एक अगर सकारात्मक है तो दूसरा नकारात्मक अवश्य होगा । हमें परिस्थिति के गुण दोष के आधार पर निर्णय लेना चाहिए न कि जल्दबाजी में या घबराकर कोई कदम उठाना चाहिए जिससे की हमारे पक्ष में होने वाली बात का भी विपरीत असर हो जाये ।सबसे बड़ी बात हमें किसी भी विपरीत स्थिति में धैर्य , सहनशीलता और शांति से निर्णय लेने की आदत डालनी चाहिए अगर ऐसा हुआ तो हम अपने जीवन में अवश्य सफल होंगे ।

साथियों बात अगर हम कानों सुनी और आंखों देखी पर भी सोच समझकर निर्णय लेने की करें तो,आँखों देखी या कानों से सुनी हर बात सत्य हो, यह आवश्यक नहीं है। हम उस एक ही पक्ष को देखते और सुनते हैं, जो हमें प्रत्यक्ष दिखाई या सुनाई देता है। उसके दूसरे पहलू के विषय में जानकारी न होने के कारण हम कोई विशेष धारणा बना लेते हैं। जब हमारा वास्तविकता से सामना होता है तब पश्चाताप करना पड़ता है। अपनी नजरों को झुकाकर क्षमा-याचना करनी पड़ती है। उस दयनीय स्थिति से बचने के लिए मनुष्य को सावधान रहना चाहिए। उसे ऐसा कुछ भी नहीं कहना चाहिए जो उसके तिरस्कार का कारण बन जाए।साथियों बात अगर हम परिस्थितियों पर निर्भर सटीक निर्णय लेने की करें तो, आधा-अधूरा ज्ञान सदा ही विध्वंस कारक होता है। जो भी देखें या सुने उसे निकष पर कसें। इससे भी बढ़कर यह जानने का प्रयास करना चाहिए कि हमारी सोच कहाँ तक सही है। किसी भी घटना के सारे पहलुओं को जाने बिना कोई धारणा नहीं बनानी चाहिए। इसके अतिरिक्त चटकारे लेकर, मिर्च-मसाला लगाकर दूसरों को अपमानित करने की प्रवृत्ति से बचना चाहिए। ऐसे अफवाहें फैलाने वालों की जब पोल खुल जाती है तो वे कहीं के भी नहीं रह जाते। लोग उन पर विश्वास करना छोड़ देते हैं और उनकी बातों को सीरियसली न लेकर मजाक में उड़ा देते हैं। इसलिए मनुष्य को ऐसी स्थितयों से बचना चाहिए। उसे एक जिम्मेदार मनुष्य बनने का प्रयास करना चाहिए।

साथियों बात अगर हम परिस्थितियों व निर्णय पर बीरबल और अकबर के सीख वाले किस्से की करें तो उपरोक्त कहावतों को सटीकता से समझने के लिए, मेरे पिताजी द्वारा बताया गया किस्सा जरूर सुनना चाहिए, राजा अकबर जंगल में शिकार करते हुए रास्ता भटक गए, देर होने के कारण रानी साहिबा ने नौकर को रूम बेड क्लीन का आदेश दिया नौकर नें रूम में मखमली बेड को देखा तो दिल बेड पर एक बार सोने के लिए ललचाया और वह चादर ओढ़ कर सो गया उसे नींद आ गई!!उधर रानी साहिबा भी अपनी धुन में ही आई और बेड पर राजा आराम फरमा रहे हैं समझकर उन पर हाथ रख कर सो गई। जब देर रात्रि राजा अपने रूम में आया तो किसी और के साथ रानी को सोते देख गुस्से से लाल हुआ और बंदूक निकाल कर दोनों को गोली से उड़ाने ही वाले थे कि उन्हें बीरबल की बात याद आई कि कानों सुनी तो क्या आंखों देखी पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए!! इसलिए राजा रुक गया और इंतजार किया!! जब रानी और नौकर की नींद टूटी तो दोनों बहुत भौचक्के रह गए और रानी ने नौकर पर चिल्लाया तब नौकर ने माफी मांगी और बेड पर सोने का अपना किस्सा सुनाया कि वह मखमली बेड देखकर वह सोया और रानी ने भी राजा समझ कर बेड पर सोई यह सच्चाई सुनकर राजा ने कहा बड़े बुजुर्गों की कहावतों के निर्णय नें आज रानी और नौकर की जान बचाई यह समझ में आया और दूसरे दिन बीरबल को बुलाकर पुरस्कृत किया।

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)



# बॉक्स ऑफिस प्रेशर पर बोले अजय देवगन

**अजय देवगन की आने वाली कॉमेडी फिल्म 'धमाल 4' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर अजय देवगन ने बताया कि आखिर फिल्म रिलीज के समय बॉक्स ऑफिस का कितना दबाव होता है। इसके साथ ही अजय ने यह भी बताया कि बॉलीवुड फिल्मों के सीक्वल इतने सफल क्यों होते हैं?**

अजय देवगन ने माना कि फिल्म रिलीज होने से पहले हर किसी को थोड़ा डर और दबाव महसूस होता है। उन्होंने कहा, 'जब भी कोई फिल्म रिलीज होने वाली होती है, तो प्रेशर होना बिल्कुल सामान्य है। इससे हर एक्टर गुजरता है। हम बहुत मेहनत से फिल्म बनाते हैं और हमेशा यही उम्मीद रहती है कि दर्शकों को यह पसंद आए। इसी उम्मीद की वजह से रिलीज के वक्त दिल में थोड़ी घबराहट रहती है।'

### सीक्वल फिल्में क्यों होती हैं हिट

'गोलमाल' और 'दृश्यम' जैसी कई सुपरहिट सीक्वल फिल्मों में काम कर चुके अजय देवगन ने बताया कि सीक्वल के हिट होने का राज क्या है। अजय ने कहा कि सीक्वल फिल्में तभी कामयाब होती हैं, जब दर्शकों को पिछली फिल्म के किरदार बहुत पसंद आए हों। एक बार जब दर्शक किरदारों से जुड़ाव महसूस करने लगते हैं, तो उसी कहानी को आगे बढ़ाना आसान और मजेदार हो जाता है।

### क्या है फिल्म की कहानी

अजय देवगन इस फिल्म में 'गुड्डू' नाम का किरदार निभा रहे हैं, जो उन्होंने 'धमाल 3' में भी निभाया था। फिल्म में उनकी जोड़ी ईशा गुप्ता के साथ दिखेगी। इस बार भी फिल्म की कहानी एक मजेदार खजाने की खोज पर आधारित है, जहां सभी किरदार सोने के पहाड़ को ढूंढ रहे हैं।

### कब रिलीज होगी 'धमाल 4'

अक्षय कुमार की 'वेलकम टू द जंगल' और आलिया भट्ट की फिल्म 'अल्फा' के साथ टकराव से बचते हुए अब 'धमाल 4' 10 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# शिल्पा शिंदे ने टीवी सीरियल निर्माताओं को कहा माफिया

**शिल्पा शिंदे ने एक बार फिर टीवी इंडस्ट्री में आर्टिस्ट्स के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की है। एक्ट्रेस ने टेलीविजन इंडस्ट्री के प्रोड्यूसर्स की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ प्रोड्यूसर्स व्हाइट कॉलर माफिया की तरह काम करते हैं। इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए शिल्पा शिंदे ने निर्माताओं को खूब भला-बुरा कहा है।**

### प्रोड्यूसर्स को लताड़ा

इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो में शिल्पा शिंदे ने कहा, 'जैसा कि आपने देखा आर्टिस्ट एसोसिएशन खुद आर्टिस्ट्स के साथ खड़ी नहीं होती है। टीवी इंडस्ट्री में ये प्रोड्यूसर्स माफिया की तरह काम करते हैं। वे व्हाइट-कॉलर माफिया हैं। मैं हमेशा से यह कहती रही हूं। जो प्रोड्यूसर्स उन्हें सपोर्ट नहीं करते हैं, उन्हें धमकी भी दी जाती है। कहा जाता है कि अगर कल तुम्हें कुछ हो गया, तो हम तुम्हें सपोर्ट नहीं करेंगे।' सपोर्ट की तो बात ही छोड़िए। वे कहते हैं कि हम तुम्हारा काम रोक देंगे। हम तुम्हारा अभी का शो नहीं चलने देंगे; तुम्हें हमारा साथ देना होगा।'

### अपनी आपबीती भी सुनाई

वह वीडियो में आगे कहती हैं, 'उन्होंने मेरा साथ भी नहीं दिया। आज भी जब उनके पास मेरे साथ खड़े होने का मौका था, तब भी वे नहीं आए। मुझे बोलने की कोई जरूरत नहीं थी। किसी को पता भी नहीं कि उस समय मैं किस दौर से गुजरी थी। लोग मुझ पर झूठा इल्जाम लगा रहे हैं कि मैं यह सिर्फ पैसे के लिए कर रही हूं। आज 10 साल बाद भी, वह प्रोड्यूसर टीवी शो और फिल्में बना रहे हैं। किसी में भी अपने लिए इंसाफ की लड़ाई लड़ने की हिम्मत नहीं है। और फिर लोग सुसाइड जैसे बड़े कदम उठा लेते हैं।'

### क्या था शिल्पा शिंदे का पूरा मामला?

शिल्पा शिंदे ने बीते दिनों कॉमेडियन भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट पर टेलीविजन शो 'भाबीजी घर पर हैं' के प्रोड्यूसर्स के साथ अपने झगड़े के बारे में बात की थी। उन्होंने बताया कि शो छोड़ने के बाद और पेंडिंग पेमेंट्स को लेकर हुए झगड़े के बीच उन्होंने प्रोड्यूसर संजय कोहली के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। शिलपा शिंदे ने यह भी कहा कि बाद में मामला सुलझ गया और उन्हें उनका बकाया मिल गया। इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर शिल्पा की खूब ट्रोलिंग हुई, टीवी इंडस्ट्री से हिना खान भी उनके खिलाफ बातें कर रही हैं। कई लोगों को मानना है कि ऐसे झूठे केस की वजह से ही असल पीड़ित महिलाओं को न्याय नहीं मिलता है।



# 'मां इंटी बंगारम' में खुद सामंथा ने किए हैं सारे एक्शन सीन्स

साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु अपनी आने वाली फिल्म 'मां इंटी बंगारम' को लेकर काफी चर्चा में हैं। हाल ही में चेन्नई में हुए एक प्री-रिलीज इवेंट में समांथा ने फिल्म के एक्शन सीन को लेकर दिलचस्प बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में एक्शन बिल्कुल रियल है- ना कोई स्लो मोशन, ना ही उड़ने वाले शॉट्स और ना ही ज्यादा ड्रामा। समांथा ने कहा, 'फिल्म में जो भी फाइट सीन हैं, वो बिल्कुल असली लगेंगे। मुझे भी शूटिंग के दौरान कई बार चोट लगी, यहां तक कि खून भी बहा। लेकिन मैंने सारे एक्शन सीन खुद किए हैं, इसलिए ये इतने असली लगते हैं और लोगों को पसंद आते हैं।'

फिल्म का निर्देशन नंदिनी रेड्डी ने किया है। फिल्म 'मां इंटी बंगारम' एक फैमिली एक्शन-कॉमेडी ड्रामा है। इस फिल्म को सामंथा के पति और निर्देशक राज निदिमोरु ने बनाया है। इस फिल्म में दिगनाथ और गुलशन देवैया अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनके अलावा फिल्म में श्री मुखी, गौतमी, आनंद और लक्ष्मी भी सपोर्टिंग रोल में हैं।



# ऑस्कर विजेता कंपनी के साथ काम करेंगे ऋतिक रोशन

मशहूर हॉलीवुड प्रोडक्शन और मैनेजमेंट कंपनी ने बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन को अपने आने वाले प्रोजेक्ट के लिए साइन कर लिया है। यह कंपनी 'द रेवेनेंट' और 'स्पॉटलाइट' जैसी ऑस्कर जीतने वाली फिल्में बनाने के लिए जानी जाती है।

### क्या हॉलीवुड प्रोजेक्ट में नजर आएंगे ऋतिक

ऋतिक ने 'एनोनिमस कंटेंट' कंपनी के साथ एक डील साइन कर ली है। इस डील के बाद से ऐसी चर्चाएं तेज हो गई हैं कि ऋतिक जल्द ही किसी बड़े हॉलीवुड प्रोजेक्ट में नजर आ सकते हैं, हालांकि अभी तक किसी फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

### ऋतिक रोशन का अब तक का सफर

ऋतिक को बॉलीवुड का 'ग्रीक गॉड' कहा जाता है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कहो ना प्यार है' से की थी। उन्होंने 'वॉर', 'कृष', 'जोधा अकबर' और 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' जैसी कई शानदार फिल्मों में काम किया है।

### ऋतिक का वर्कफ्रंट

ऋतिक रोशन बहुप्रतीक्षित सुपरहीरो फ्रेंचाइजी 'कृष 4' में नजर आएंगे, जिसकी प्री-प्रोडक्शन और निर्देशन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसके अलावा ऋतिक निर्माता रूप में अपनी पहली वेब सीरीज 'स्टॉर्म' भी बना रहे हैं।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय कलाकार

ऋतिक अकेले नहीं हैं, बल्कि कई भारतीय कलाकार भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा इस समय हॉलीवुड में सबसे सफल भारतीय अभिनेत्री हैं। 'क्वांटिको' सीरियल से शुरुआत करने के बाद उन्होंने 'बेवॉच' और 'हेड्स ऑफ स्टेट' जैसी कई हॉलीवुड फिल्मों में काम किया। अब वह जल्द ही सात साल बाद एसएस राजामौली की फिल्म से भारतीय सिनेमा में वापसी करेंगी। प्रियंका के अलावा आलिया भट्ट ने गैल गैडोट के साथ फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' से अपना हॉलीवुड डेब्यू किया। प्रियंका, आलिया और दीपिका पादुकोण के अलावा भी कई बॉलीवुड स्टार्स ने हॉलीवुड फिल्मों में काम किया है।



# आकांक्षा रंजन कपूर 'ग्राम चिकित्सालय' के नए सीजन में अपने किरदार को लेकर बात की

अभिनेत्री आकांक्षा रंजन कपूर अपने वेब शो 'ग्राम चिकित्सालय' के दूसरे सीजन की रिलीज को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने शो के नए सीजन में अपने किरदार के सफर को लेकर खुलकर बात की। साथ ही बताया कि इस बार क्या खास है। अभिनेत्री ने बताया कि दूसरे सीजन में उनका किरदार गार्गी पहले से अधिक जिम्मेदारियों का सामना करता नजर आएगा। साथ ही, उसे कई कठिन और जटिल फैसले भी लेने पड़ेंगे, जो उसके किरदार के साथ कहानी को और भी दिलचस्प बनाएंगे। इस बारे में बात करते हुए आकांक्षा रंजन कपूर ने कहा, 'डॉ. गार्गी का किरदार निभाने का सबसे संतोषजनक पहलू यह रहा कि दर्शकों ने उससे गहरा जुड़ाव महसूस किया और भरपूर प्यार दिया। पहले सीजन में गार्गी को एक ईमानदार, सरल और जमीन से जुड़ी हुई महिला के रूप में दिखाया गया था और मुझे लगता है कि दर्शकों ने उसकी इसी सच्चाई से खुद को जोड़ा। यह देखकर खुशी होती है कि लोगों का यह प्यार और अपनापन दूसरे सीजन में उसके किरदार के और बड़े सफर का हिस्सा बना है।' उन्होंने आगे कहा, 'दूसरे सीजन में गार्गी पहले से कहीं अधिक जिम्मेदारियों का सामना करती नजर आएगी। उसे कई जटिल फैसले लेने पड़ते हैं और ऐसी चुनौतियों से गुजरना पड़ता है, जो उसके सिद्धांतों और विश्वासों की वास्तविक परीक्षा लेती हैं। एक कलाकार के तौर पर ऐसे शो का हिस्सा बनना बेहद संतोषजनक है, जो गहराई वाली कहानियां प्रस्तुत करता है और अपने किरदारों को विकसित होने का पूरा अवसर देता है।' 'ग्राम चिकित्सालय' के पहले सीजन को झारखंड के भाठकांडी गांव में ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था के यथार्थवादी और संवेदनशील चित्रण के लिए काफी सराहना मिली थी। पहले सीजन में आकांक्षा रंजन कपूर ने स्थानीय डॉक्टर डॉ. गार्गी के किरदार को प्रभावशाली ढंग से निभाया। शो की कहानी का बड़ा हिस्सा अब उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमता नजर आएगा, जिससे आकांक्षा रंजन कपूर की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। ग्राम चिकित्सालय का दूसरा सीजन 23 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा।



# प्रियंका चाहर ने 'नागिन 7' के सफर को कहा अलविदा

**अलौकिक (सुपरनैचुरल) शो 'नागिन' के सातवें सीजन के समाप्त होने के बाद प्रियंका चाहर चौधरी ने शो को अलविदा कहते हुए एक भावुक संदेश साझा किया। इस अवसर पर उन्हें टीवी जगत की 'जारिना' कही जाने वाली एकता कपूर से खूब सराहना मिली। एकता ने कहा कि वह प्रियंका के साथ फिर से काम करने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। इस सफर को 'अविस्मरणीय यात्रा' करार देते हुए प्रियंका ने सबसे पहले इंस्टाग्राम पर शूटिंग के आखिरी दिन की एक झलक साझा की और लिखा, 'और इसी के साथ, एक अविस्मरणीय यात्रा का अंत हो रहा है... नागिन 7।'**

अभिनेत्री ने कहा कि इस शो ने उन्हें केवल यादें ही नहीं, बल्कि उससे कहीं अधिक दिया है। उन्होंने लिखा, 'इस शो ने मुझे सिर्फ यादों से कहीं ज्यादा दिया है- इसने मुझे खूबसूरत लोग, जीवनभर के रिश्ते और मेरे शिवजी के साथ और भी गहरा जुड़ाव दिया। महादेव से इतनी गहराई से जुड़ी कहानी का हिस्सा बनने से मेरा विश्वास और मजबूत हुआ है, और मैं हर दिन अपने जीवन में उनके प्रेम और उपस्थिति को महसूस करती हूं। यह रिश्ता हमेशा के लिए है और अटूट है।' उन्होंने उन पर भरोसा करने और यह शानदार अवसर देने के लिए एकता कपूर का धन्यवाद किया।

प्रियंका ने आगे कहा, 'मैं हमेशा आभारी रहूंगी। इस अद्भुत यात्रा को जीने का मंच देने के लिए कलर्स टीवी और बालाजी टेलीफिल्मस लिमिटेड का दिल से धन्यवाद। मेरे सह कलाकारों, हमारी शानदार टीम और पर्दे के पीछे काम करने वाले सभी लोगों का शुक्रिया, जिन्होंने इस सफर को इतना खास बनाया।' उन्होंने लिखा, 'और दर्शकों, आपके असीम प्यार और नागिन 7 को शुरुआत से लेकर अंत तक नंबर-1 शो बनाने के लिए धन्यवाद। यह प्यार मेरे लिए सब कुछ है। शो समाप्त हो सकता है, लेकिन इसकी यादें हमेशा बनी रहेंगी... और एक बात निश्चित है- नागिन की विरासत हमेशा जारी रहेगी। हमेशा आभारी। हमेशा धन्य। हर हर महादेव।'

प्रियंका चाहर चौधरी की इस पोस्ट पर एकता कपूर की नजर पड़ी, जिन्होंने उनकी जमकर प्रशंसा की। एकता कपूर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'सबसे खूबसूरत नागिन के लिए, तुम्हारे साथ काम करना बेहद सुखद अनुभव रहा। तुम मेहनती, खूबसूरत, आकर्षक और बहुत सहयोगी हो। भविष्य में फिर से तुम्हारे साथ काम करने का इंतजार रहेगा। ढेर सारा प्यार प्रियंका, तुम्हें दोबारा हमारे सेट पर देखने का इंतजार है।' 'नागिन' एक सुपरनैचुरल फिक्शन टीवी शो है, जिसकी कहानी रूप बदलने वाले नाग-नागिनों के इर्द-गिर्द घूमती है। इसका पहला सीजन वर्ष 2015 में शुरू हुआ था।

प्रियंका की बात करें तो उन्हें 'उड़ारियां' में तेजो कौर संधू का किरदार निभाने के बाद बड़ी लोकप्रियता मिली। 'बिग बॉस 16' में भी उनके व्यक्तित्व को दर्शकों ने खूब पसंद किया और वह शो की दूसरी रनर-अप रहीं। वर्ष 2016 में उन्होंने कई पंजाबी म्यूजिक वीडियो में काम किया, जिनमें 'हंजू', 'मैं बेवफा' और 'ऑनलाइन' शामिल हैं।

